mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-06 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
06 जनवरी 2025 सोमवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर
सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित




अगर चहल-धनश्री...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### रूस से युद्ध की तीसरी बरसी से पहले डरा यूक्रेन

**कीव (एजेंसी)।** रूस के साथ जंग लड़ते 3 साल होने से पहले ही यूक्रेन भयभीत हो गया है। युद्ध की तीसरी बरसी पर जेलेंस्की को रूस से भारी हमले का खतरा सता रहा है। लिहाजा राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अपने सहयोगियों से हवाई सुरक्षा को और पुख्ता बनाने में मदद की



उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह जर्मनी में इस सप्ताह होने वाली बैठक में अपने सहयोगियों से अपनी हवाई सुरक्षा बढ़ाने का आह्वान करेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि जर्मनी के रामस्टीन वायुसेना ठिकाने पर बृहस्पतिवार को होने वाली रामस्टीन समूह की बैठक में दर्जनों साझेदार देश हिस्सा लेंगे, ''जिनमें वे देश भी शामिल होंगे जो न केवल मिसाइलों से बचाव के लिए, बल्कि निर्देशित बमों और रूसी विमानन के खिलाफ भी हमारी क्षमताओं को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।'' यूक्रेन के राष्ट्रपति ने शनिवार को अपने रात्रिकालीन संबोधन में कहा, ''हम उनके साथ इस पर चर्चा करेंगे और उन्हें मनाने का प्रयास जारी रखेंगे। हमारा लक्ष्य अब भी हमारी वायु रक्षा को मजबूत करना है।'' अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड जे.ऑस्टिन इस बैठक में भाग लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अक्टूबर में रामस्टीन में होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले थे, लेकिन अमेरिका में आए तूफान मिल्टन के कारण वह शामिल नहीं हो सके।

### ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले मिलीं इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी

**पाम बीच, फ्लोरिडा (एजेंसी)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से शनिवार को



इटली की प्रधान मंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने मुलाकात की। दोनों नेताओं ने ट्रंप के पाम बीच स्थित मार-ए-लागो क्लब में यह मुलाकात की। जॉर्जिया मेलोनी ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली का अनुसरण किया, जिन्होंने नवंबर 2024 में ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद उनके मार-ए-लागो में सबसे पहले जाकर मिले थे। इसके बाद कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो और हंग्री के प्रधान मंत्री विक्टर ओर्बन भी निर्वाचित राष्ट्रपति से मिलने फ्लोरिडा जा चुके हैं। ट्रंप ने शनिवार की शाम करीब 7 बजे ग्रैंड बॉलरूम में प्रवेश किया और फिर करीब दो घंटे बाद खाना खाकर लौटे। ट्रंप ने मेलोनी के सामने भीड़ से कहा, ÷यह बहुत रोमांचक है।÷ ÷मैं यहां एक शानदार महिला और इटली की प्रधानमंत्री के साथ हूं। ट्रंप ने कहा, उन्होंने वास्तव में यूरोप और बाकी सभी को हैरत में डाल दिया है। हम सिर्फ आज रात का खाना खा रहे हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति और मेलोनी ने उनके आगामी प्रशासन के राज्य सचिव व फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रूबियो, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार फ्लोरिडा के प्रतिनिधि माइक वाल्ट्ज से भी मुलाकात की। बता दें कि पिछले महीने के अंत में तेहरान में रिपोर्टिंग के दौरान इतालवी पत्रकार सेसिलिया साला को ईरानी पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद यह मेलोनी की पहली यात्रा हो रही है।

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए चलेंगी 40 इलेक्ट्रिक बसें



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो ऐसे में प्रयागराज में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू हो रहा है। 13 जनवरी से पहले शहर की सड़कों पर ई-बसें दौड़ने लगेंगी। इन इलेक्ट्रिक बसों से श्रद्धालु आ-जा सकेंगे। शुरुआत में श्रद्धालुओं के लिए 15 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन होगा। 29 जनवरी को मौनी अवास्या के प्रमुख स्नान पर्व तक 25 और बसों को लखनऊ मुख्यालय से प्रयागराज लाया जाएगा। ये इलेक्ट्रिक बसें विभिन्न रूटों पर श्रद्धालुओं को परिवहन सेवा उपलब्ध कराएंगी। मौनी अमावस्या पर्व के पहले लगभग 40 बसें प्रयागराज आएंगी। इन बसों की सप्लाई स्विच मोबिलिटी द्वारा की जा रही है। बसों की लंबाई 12 मीटर है। एक चार्जिंग में यह लगभग 200 किलोमीटर से अधिक संचालित की जा सकेंगी। परिवहन निगम को मिलीं नई इलेक्ट्रिक बसें शहर और बाहर दोनों का रूट पर चलेंगी। नेहरू पार्क, बेला कछार और अंदावा समेत प्रयागराज में बसों की चार्जिंग की 4 जगह व्यवस्था है। मेला प्रशासन और पुलिस के द्वारा इनके रूट भी तय किए जा चुके हैं। पीक डेज में कुल 6 रूट्स पर बसों का संचालन होगा। सामान्य दिनों में 11 रूट्स पर इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी।

**बाद में कहा- शब्द वापस लेता हूं; कांग्रेस बोली- ये घटिया मानसिकता**

## भाजपा नेता बिधूड़ी बोले- प्रियंका के गालों जैसी सड़कें बनवाएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से भाजपा कैंडिडेट रमेश बिधूड़ी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी पर आपत्तिजनक कमेंट किया। बयान का वीडियो कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ङ्ग पर शेयर किया। रमेश बिधूड़ी वीडियो में कहते दिख रहे हैं, 'लालू ने वादा किया था कि बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसा बना दूंगा, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, जैसे ओखला और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं, वैसे ही कालकाजी में सारी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा।'पवन खेड़ा ने इस बयान पर ऐतराज जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, %यह बदतमीजी सिर्फ इस घटिया आदमी की ही मानसिकता नहीं दिखाती, यह है इसके मालिकों की असलियत। ऊपर से लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्कार आपको भाजपा के इन ओछे नेताओं में दिख जाएंगे।

हालांकि, विवाद बढ़ने पर बिधूड़ी ने सफाई देते हुए कहा- मैंने यह बात लालू यादव की कही बातों के संदर्भ में कही है। कांग्रेस उस



समय भी चुप रही जब लालू यादव उनकी सरकार में मंत्री थे। अगर मेरी बात से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं अपने शब्द वापस लेता हूं।

कांग्रेस के विरोध पर रमेश बिधूड़ी ने कहा, 'मैंने कोई विवादित बयान नहीं दिया है। कांग्रेस को बयान पर ऐतराज है तो पहले लालू यादव से कहे कि वह हेमा मालिनी से माफी मांगें, क्योंकि उन्होंने भी इस तरह का बयान दिया था।'

**कालकाजी से आतिशी के खिलाफ रमेश बिधूड़ी चुनाव लड़ेंगे:** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शनिवार को उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी थी। लिस्ट में 29 नाम हैं। इनमें से 7 नेता हाल ही में आप और कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं।

नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा चुनाव लड़ेंगे। कालकाजी से ष्टरू आतिशी के खिलाफ रमेश बिधूड़ी को मैदान में उतारा गया है। इस सीट पर कांग्रेस ने अलका लांबा को टिकट दिया है। पार्टी ने पहली सूची में पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट पाने वाले अधिकतर प्रत्याशियों को फिर से टिकट दिया है।

## बांग्लादेश ने और बढ़ाई भारत से दुश्मनी, यूनुस सरकार ने उठाया एक और तनावपूर्ण कदम

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने अपने एक ताजा फैसले से भारत के साथ दुश्मनी और बढ़ा लिया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने रविवार को एक पूर्व अधिसूचना को निरस्त करते हुए भारत में 50 न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों के लिए प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम को रद्द कर दिया। इससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ना तय माना जा रहा है। बांग्लादेश के विधि मंत्रालय के प्रवक्ता ने विस्तृत विवरण दिये बिना बताया, ''अधिसूचना रद्द कर दी गई है।'' समाचार पत्र 'डेली स्टार' की खबर के अनुसार बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। सरकारी बांग्लादेश संबाद संस्था ने एक दिन पहले यह खबर दी थी कि जिसमें कहा गया था कि निचली अदालतों के 50 न्यायाधीश 10 फरवरी से मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी और राज्य न्यायिक अकादमी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे।



कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित प्रशिक्षु न्यायाधीशों में जिला एवं सत्र न्यायाधीश या इसके समकक्ष

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पीथमपुर यूनियन कार्बाईड का मामला

**कचरे को किसी दूसरी जगह पर ले जाकर जलाने की मांग**

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के पीथमपुरा में यूनियन कार्बाईड का कचरा जलाने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कचरे को भोपाल से पीथमपुरा ले जाने और वहां इसे जलाने पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि यूनियन कार्बाईड के कचरे को भोपाल से पीथमपुरा ले जाने का फैसला लेते समय पीथमपुरा के लोगों से सलाह नहीं ली गई। पीथमपुरा में रेडिएशन का खतरा हो सकता है। अगर वहां एसा होता है तो पीथमपुरा में उचित मेडिकल फेसिलिटी मौजूद नहीं है। वहीं इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट कल सुनवाई करेगा।

दरअसल, मध्य प्रदेश के पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के रासायनिक कचरे के निष्पादन को लेकर बवाल मचा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार सरकार ने वहां कचरा पहुंचा दिया है और अब इसके निष्पादन की तैयारी चल रही है। इस बीच बड़ी संख्या में पीथमपुर के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस कचरे को किसी दूसरी जगह पर जलाया जाना चाहिए। वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोगों से अफवाहों पर यकीन न करने की



अपील की है और कहा है कि सरकार जो कर रही है, वह सभी के हित में है। इस दौरान उन्होंने इशारों में कांग्रेस नेताओं पर निशाना भी साधा।

सीएम मोहन यादव ने कहा था कि 40 साल पहले जिनके कार्यकाल में गैस त्रासदी हुई, वही गलतफहमी फैलाने से आज भी बाज नहीं आ रहे। अज्ञानता के आधार पर गलत बात फैलाई जा रही है, वोट की राजनीति के लिए कोई झूठी बात फैलाए तो मैं क्या कर सकता हूं। मैं इसकी निंदा करूंगा और इससे उन्हें बचाना चाहिए। अब इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है, जिसपर सोमवार को सुनवाई होनी है।

## लालू जी की उम्र हो गई है, मुंह से

**नीतीश को दिए ऑफर पर बोले उपेंद्र कुशवाहा**

**पटना (एजेंसी)।** पटनाॅ लालू प्रसाद द्वारा नए साल के मौके पर नीतीश कुमार को महागठबंधन में वापस आने के दिए गए ऑफर को लेकर सियासी गर्माहट अभी भी थमी नहीं है। हालांकि आज नीतीश कुमार ने मीडिया के सामने खुलकर कहा कि वे एनडीए के साथ हैं, आरजेडी के साथ जाने का कोई सवाल ही नहीं है। वहीं इस मुद्दे पर आरएल एम के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि लालू की इस बात का कोई राजनीतिक अर्थ नहीं है।

उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि ÷लालू जी की एक उम्र हो गई है, कभी-कभी उन्हें पुरानी बात याद आती होगी तो मुंह से कुछ निकल जाता होगा। उनकी बात का कोई राजनैतिक अर्थ है ही नहीं कि इसपर टिप्पणी की जाए... नीतीश कुमार ने 1 बार नहीं कई बार स्पष्ट कर दिया कि वे साथ(एनडीए) हैं... इन बातों का कोई अर्थ नहीं है।÷ वहीं जन सुराज संस्थापक प्रशांत किशोर के आमरण अनशन पर उन्होंने कहा, ÷...वे सार्वजनिक क्षेत्र में आने की कोशिश कर रहे



हैं, उन्हें जनता को दिखाना है कि वे कुछ कर रहे हैं। न तो उन्हें बीपीएससी अभ्यर्थियों से कोई लेना-देना है और न ही उन्हें कोई दिलचस्पी है।÷

बता दें कि आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद ने नए साल के मौके पर कहा था कि नीतीश कुमार के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं। लालू के इस बयान के बाद नीतीश कुमार की ओर से कोई खास रिएक्शन नहीं आया था। इसके बाद से ऐसी अटकलें तेज थीं कि वे फिर से इंडिया गठबंधन का रुख कर सकते हैं। लालू यादव ने कहा था कि नीतीश के लिए हमारा दरवाजा खुला है और नीतीश को भी खोलकर रखना चाहिए। लालू ने कहा कि अगर नीतीश आते हैं तो साथ काहे नहीं लेंगे? नीतीश साथ में आएं, काम करें। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार साथ आते हैं फिर भाग जाते हैं, हम माफ कर देंगे।

## परिवार के साथ दिखे सीएम धामी, ट्रैकिंग का उठाया लुफ्त

**ठंड के मौसम में सीएम ने 'देवभूमि उत्तराखंड आओ' का लगाया नारा**

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की परिवार के साथ ट्रैकिंग करते हुए तस्वीर सामने आई है। ठंड के मौसम में सीएम ने 'देवभूमि उत्तराखंड आओ' के नारे के साथ आज शहंशाही आश्रम, ओल्ड राजपुर रोड (देहरादून) - झड़ीपानी (मसूरी) मार्ग पर ट्रैकिंग की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ट्रैक न केवल साहसिक गतिविधियों का हिस्सा है बल्कि इस यात्रा के दौरान प्रकृति की अद्भुत सुंदरता, शुद्ध हवा और शांत वातावरण का भी अनुभव होता है।

सीएम ने कहा कि उत्तराखंड में ऐसे कई ट्रैक आकर्षण का विशेष केंद्र हैं। राज्य में आने वाले पर्यटक और स्थानीय लोग शीतकालीन यात्रा के दौरान ट्रैकिंग का भी आनंद ले सकते हैं। सर्दियों में बर्फ से ढके पहाड़, ठंडी और शुद्ध हवा और मनमोहक दृश्य उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता को



और भी अनोखा बनाते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड साहसिक गतिविधियों के लिए भी एक आदर्श स्थान है, अब उत्तराखंड न केवल गर्मियों में बल्कि सर्दियों में भी आपके स्वागत के लिए तैयार है।

सीएम धामी अक्सर ऐसी गतिविधियों में भाग लेते हैं, जिससे आम आदमी उनसे जुड़ाव महसूस करता है। नवंबर में पुष्कर सिंह धामी का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह नाचते हुए दिख रहे थे। दरअसल वह राज्य जनजातीय शोध संस्थान उत्तराखंड द्वारा आयोजित 'आदि गौरव महोत्सव' कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसी दौरान उन्होंने कलाकारों के साथ डांस किया था। नाचना-गाना नेताओं का काम नहीं है, सीएम धामी ने इस कहावत को गलत साबित किया था। उनके डांस से कलाकारों का भी हौसला बढ़ा था और जनता ने भी महसूस किया था कि हमारा सीएम हमारे ही जैसा है।

इस दौरान धामी ने कहा था कि भूकंप सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं के प्रति उत्तराखंड की संवेदनशीलता के मद्देनजर तकनीक के क्षेत्र में जापान से सहयोग लिया जाए। फिक्की फोरम ऑफ पार्लियामेंटेरियन्स द्वारा जापानी दूतावास के सहयोग से यहां आयोजित संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा था कि उत्तराखण्ड भूकंप एवं अन्य प्राकृतिक आपदा के दृष्टि से संवेदनशील राज्य है और आपदा प्रबंधन एवं भूकंपरोधी तकनीक के क्षेत्र में जापान से सहयोग प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किये जाएं।

## संभल हिंसा मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संभल हिंसा मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम सलीम है। सलीम पर संभल के सीओ अनुज चौधरी पर फायरिंग करने का आरोप है। संभल हिंसा मामले में अबतक कुल 52 आरोपियों की



गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपी के पास से 12 बोर का एक तमंचा, 5 कारतूस बरामद किया गया। साथ ही 12 बोर का एक खोखा भी बरामद किया गया है। आरोपी पुलिस से कारतूस लूटकर फरार हो गया था। जानकारी के मुताबिक आरोपी संभल हिंसा के बाद से फरार था। वह दिल्ली के सीलमपुर इलाके में छिपा हुआ था। पुलिस उसे तलाश रही थी। वह सरेंडर करने की फिराक में था लेकिन उससे पहले ही वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। सलीम पर 7 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उस पर हत्या के प्रयास, लूट, गोकशी के मामले भी दर्ज हैं। आरोपी सलीम पर गैंगस्टर एक्ट भी लगा है। इतना ही नहीं संभल हिंसा के सीसीटीवी फुटेज में भी आरोपी सलीम नजर आया था।

## 'थक चुके हैं, होश में नहीं हैं सीएम, हाईजैक कर लिया गया है'



**मोतिहारी (एजेंसी)।** पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने मोतिहारी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को थका हुआ बताया और कहा कि वे होश में नहीं है। दो चार लोग दिल्ली में

**● नीतीश कुमार के बारे में बोले आरजेडी नेता तेजस्वी यादव**

हैं और दो चार लोग पटना में जो अपने फायदे के लिए ये सरकार चला रहे हैं। सीएम को हाईजैक कर लिया गया है। मोतिहारी में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम से पहले तेजस्वी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार रिटायर्ड हो चुके हैं,और थक चुके हैं वह कोई निर्णय नहीं ले रहे हैं। सरकारी बयानों पर कुछ बोल नहीं रहे हैं। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर काम चलाया जा रहा है। तेजस्वी ने कहा कि उनकी प्रगति यात्रा नहीं, यह अधिकारियों की लूट की छूट यात्रा है। 272 करोड़ खर्च कर यह प्रगति यात्रा निकाला गया है। यह सरकारी खजाना का बंदर बाट हो रहा है।

तेजस्वी यादव शनिवार को देर रात्रि मोतिहारी पहुचे जहां सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद रविवार दोपहर में उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। फिर शहर के प्रेक्षा गृह के बापू सभागार में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा के लिए निकले जहां करीब 5 हजार लोगों की भीड़ जुटी थी। तेजस्वी यादव ने कहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार होश में नहीं है और ना ही वे निर्णय लेने लायक है। सरकार को कुछ रिटायर्ड ऑफिसर चला रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हाईजैक कर लिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह हालत है कि पॉलिटिकल स्टेटमेंट भी प्रेस नोट के माध्यम से देना पड़ रहा है दो-चार लोग दिल्ली में है और दो-चार लोग यहां है वही लोग बीजेपी से मिलकर सरकार को चला रहे हैं।

प्रशांत किशोर से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि कि हमको पता है कि वैनिटी वैन में एक्टर-एक्ट्रेस रहती है और डायरेक्टर प्रोड्यूसर बैठता है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यह पता है कि कौन डायरेक्टर है? कौन प्रोड्यूसर है? यह सब को पता है। तेजस्वी ने आगे कहा कि प्रशांत किशोर ने आज तक यह स्पष्टीकरण नहीं दिया कि आखिर अमित शाह ने उन्हें नीतीश कुमार की पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्यों बनवाया? वो किसके कहने पर बन थे. यह सभी को स्पष्ट है, लेकिन उनको बताना चाहिए कि आखिर अमित शाह क्यों चाहते थे कि प्रशांत किशोर जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनें।

बीपीएससी छात्रों के आंदोलन पर तेजस्वी यादव ने कहा कि हम तो शुरू से ही कहते रहे हैं कि पूरे तरीके से आंदोलन को तोड़ने की कोशिश की गई है। कुचलने की कोशिश की गई है। यह बात अभ्यर्थी अच्छी तरह से जानते हैं कि किस प्रकार से हाईजैक किया गया। शुरू से छात्रों ने कहा था कि कोई भी राजनीतिक पार्टी इसका राजनीतिकरण ना करे।

# केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री जोशी एवं ऊर्जा मंत्री शुला ने ओंकारेश्वर में किया लोटिंग सोलर परियोजना का निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** केन्द्रीय मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रहलाद जोशी एवं नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना का निरीक्षण किया। यह परियोजना मध्यप्रदेश की प्रथम, देश की सबसे बड़ी तथा विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं में से एक है।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांति हो रही है। इस क्षेत्र में भारत विश्व गुरु बन रहा है। उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर में स्थित फ्लोटिंग सोलर प्लांट से अभी 278 मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्री जोशी ने कहा कि प्रोजेक्ट से दिल्ली मेट्रो को भी बिजली देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक अनोखा प्रोजेक्ट है और देश में अन्य जगह पर यह प्रोजेक्ट लगाये जायेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश में इस क्षेत्र में 90 गीगावॉट की संभावना है और इसको बढ़ावा देने के लिए पूर्ण प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विशेषज्ञों को यहाँ आकर देखना चाहिए और जहां संभावना है वहां इस तरह के प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू करना चाहिए। जिससे अत्यधिक मात्रा में बिजली का उत्पादन हो सके। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावॉट और 2047 तक 1800 गीगावॉट बिजली का उत्पादन करना है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। अपतटीय पवन, ज्वारीय ऊर्जा, भू-तापीय ऊर्जा आदि के क्षेत्र में भी कार्य किया जा रहा है।



नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना का निर्माण मध्यप्रदेश को विश्वपटल पर नवाचार एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में स्थापित करेगा।

केन्द्रीय मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रहलाद जोशी एवं नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में विश्व प्रसिद्ध ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा ओंकार से देश की जनता की सुख, समृद्धि एवं तरक्की की कामना की। इसके अलावा उन्होंने ममलेश्वर मंदिर में दर्शन कर जलाभिषेक किया।

इस अवसर पर सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल, ए.सी.एस. श्री मनु श्रीवास्तव, कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा उपस्थित रहे।

## मध्य प्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन का मिलन कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन का परिवार मिलन कार्यक्रम शनिवार को भोपाल में आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व मंत्री रामनिवास रावत को समाज का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संगठन के अध्यक्ष रहे लालाराम मीणा ने रावत के पक्ष में 2 दिसंबर 2024 को समाज के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से यह पद खाली था। अध्यक्ष बनने पर रावत को समाजजनों से बधाई दी है। मिलन कार्यक्रम में रावत के नाम की घोषणा के बाद पूर्व अध्यक्ष लालाराम मीणा ने समाज के सभी संगठनों के पदाधिकारियों एवं समाजजनों से आग्रह किया कि वह जैसा सहयोग उन्हें दे रहे थे। उससे भी अधिक क्षमता के साथ रामनिवास रावत के साथ कार्य करें। ताकि समाज और गति से आगे बढ़ सके।

## मां कंकाली धर्मश्री सेवा संस्था की धार्मिक प्रस्तुति

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मां कंकाली धर्मश्री सेवा संस्था रविवार को एक सुबह से शाम मां कंकाली के नाम कार्यक्रम कंकाली शक्तिपीठ गुदावल में आयोजित कर रही है। जिसमें मध्य प्रदेश के 201 कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम सुबह 9 बजे शुरू होगा और देर शाम तक चलेगा। देवी जागरण के बाद भंडारे भी किया जाएगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष पंडित राकेश पाठक, मोतीचंद प्रजापति, संजय मिश्रा, सुशील राय, गिरीश चंद्र त्रिवेदी, आशीष तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में वृंदावन के कलाकार भी शामिल हो रहे हैं, जो भगवान श्रीराम दरबार की मनोरम झांकी, भगवान श्री कृष्ण की फूलों की होली, भगवान भोलेनाथ का तांडव एवं महाकाली के रूप की झांकी प्रस्तुत करेंगे। कलाकार व अतिथियों को भगवा पगड़ी बांधकर सम्मानित किया जाएगा। उन कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा, जो अच्छा गाते हैं पर मंच नहीं मिल पाता। कार्यक्रम 9 साल से आयोजित किया जा रहा है।

## भोपाल में 27वां श्री विराट हरिहरात्मक शक्ति महायज्ञ प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** धर्मध्वजा, कलश एवं शोभायात्रा के साथ अशोका गार्डन स्थित अशोक विहार कॉलोनी मां दुर्गाधाम शक्तिपीठ मंदिर में शनिवार से 27वां श्री विराट हरिहरात्मक शक्ति महायज्ञ प्रारंभ हो गया। डीजे-ढोल के साथ 151 कलश लेकर महिलाएं यात्रा पर निकलीं, जिसमें यज्ञाचार्य और मुख्य यजमान शीश पर पुराण धारण कर शामिल हुए। पंजाबी बाग से मनसा देवी धाम मंदिर से कलशों में जल भरकर महिलाएं प्रभात चौराहे से 80 फीट रोड होते हुए शक्तिपीठ मंदिर पहुंचीं। कलश यात्रा में मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय मुख्य रूप से शामिल हुए। मंदिर के प्रचार सचिव अनिल ठाकुर ने बताया कि मां दुर्गाधाम शक्तिपीठ धर्मस्थल पर भक्तगणों के सहयोग से महायज्ञ कराया जा रहा है। यहां से धर्म, मोक्ष, विश्व कल्याण, आत्मा शांति के साथ संस्कृति, प्रकृति की रक्षा का संदेश शहरवासियों को दिया जाएगा। शोभायात्रा में मुख्य रूप से वीरेंद्र पप्पू राय, सूर्यकांत गुप्ता, फूलचंद गुप्ता, व्हीके पांडे, राघव गुप्ता, लोकेंद्र डोडिया, सुंदरलाल पटेल, अवधेश पांडे, सत्यनारायण गुप्ता, वेदांत तिवारी, बाल गोविंद पांडे, सूरज रैकवार, पदम सिंह जादौन, शुभम मालवीय, राकेश सिंह, मोतीलाल पटेल, मोहनलाल यादव सहित बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

## एनपीएस में इक्विटी रिटर्न घटने से कर्मचारी मायूस

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) की ताजा रिपोर्ट ने साल 2005 के बाद सेवा में आए मध्य प्रदेश के 4 लाख 59 हजार से अधिक कर्मचारियों की चिंता बढ़ा दी है। मुंबई से आई इस खबर में बताया गया है कि नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) की इक्विटी योजना का रिटर्न सिर्फ 4 माह में 40 से घटकर 16 प्रतिशत रह गया है। इसे शेयर बाजार में गिरावट का नतीजा बताया जा रहा है। ऐसे में कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम में ही भविष्य सुरक्षित दिखाई दे रहा है। मुंबई से आई इस खबर को शेयर करते हुए नेंशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम राष्ट्रीय आंदोलन के नेताओं ने प्रदेश के कर्मचारियों से ओल्ड पेंशन स्कीम फिर से लागू कराने में सहयोग करने की अपील की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद डेहरिया, भोपाल जिला अध्यक्ष सुरसरि प्रसाद पटेल ने एनपीएस के दायरे में आ रहे कर्मचारियों से एकजुट होकर ओल्ड पेंशन की लड़ाई लड़ने को कहा है। उन्होंने कहा कि ये मौन रहने का समय नहीं है। अपने अधिकार के लिए अब भी खड़े नहीं हुए, तो भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। बुढ़ापे में पछताएंगे कि उस दिन पुरानी पेंशन की लड़ाई में साथ दिया होता, तो आज गांठ में कुछ पैसे होते। डेहरिया और पटेल ने बताया कि भारत सरकार एनपीएस के लिए कर्मचारियों के वेतन से 10त्न राशि काट रही है। 14त्न खुद मिलाकर शेयर बाजार में लगा रही है। शेयर बाजार कभी स्थिर नहीं रहता है। इसलिए यह कहना बिलकुल भी सही नहीं है कि रिटायर होने पर कर्मचारी को अच्छी पेंशन मिल पाएगी। जैसे अभी इक्विटी 40 प्रतिशत से गिरकर 16 प्रतिशत पर पहुंच गई है, ऐसा ही रिटायरमेंट के समय या बाद में हुआ तो जो जमा किया होगा, वह भी नहीं मिल पाएगा।

## क्षार सूत्र चिकित्सा शिविर 15 जनवरी से

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पंडित खुशी लाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान में 15 से 19 जनवरी तक पांच दिवसीय निशुल्क क्षार सूत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा गुदा रोगों का परीक्षण एवं क्षार सूत्र चिकित्सा पद्धति द्वारा शल्य क्रिया संपादित की जाएगी। वर्तमान समय में अव्यवस्थित खान पान, दिनचर्या और जंक फूड के कारण गुदा रोग जैसे भगन्दर, बवासीर, परिकर्तिका आदि बीमारियां लोगों को हो रही हैं। इसमें रोगी को जलन, दर्द, खून आना एवं मवाद जैसे लक्षण पाए जाते हैं।




आयुर्वेद उपरोक्त बीमारियों का जड़ से समूल निराकरण करने में सक्षम है। क्षार सूत्र पद्धति से शल्य क्रिया संपादित करने पर गुदा रोग दोबारा उत्पन्न नहीं होते हैं द्य इस पद्धति द्वारा लगभग 3-4 दिनों में बवासीर से छुटकारा पाया जा सकता है । भगन्दर जैसे असाध्य रोगों का प्रभावी एवं समूल उपचार सम्भव है द्य पंडित खुशी लाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान के शल्य तंत्र विभाग में इस बीमारी से पीड़ित रोगी निशुल्क शल्य क्रिया के साथ ही निशुल्क दवाएं भी प्राप्त कर सकते हैं।

## 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मंडीदीप के सतलापुर दशहरा मैदान में 13 से 16 जनवरी तक चलने वाले 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोरों से चल रही है। यहां पंडाल में 108 हवन वेदी बनाई जाना है। इसके लिए लकड़ी का फर्मा बनाया गया है, जिसमें गोबर और मिट्टी का मिक्चर डालकर वेदी तैयार की जा रही हैं। अब तक 45 वेदी तैयार की जा चुकी हैं। महायज्ञ की तैयारी अखिल विश्व गायत्री परिवार के शांतिकुंज प्रतिनिधि, राष्ट्रीय युवा संयोजक केपी दुबे, मप्र के जोनल समन्वयक राजेश पटेल की देखरेख में चल रही है। महायज्ञ से जुड़े रमेश नागर ने बताया कि हवन वेदी बनाने में ईंट या किसी और वस्तु का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। बल्कि गोबर एवं मिट्टी से तैयार की जा रही हैं, जो ईंट से बनने वाली वेदियों की तुलना में मजबूत होंगी। इससे महायज्ञ के दौरान वेदी खंडित होने का डर भी नहीं रहेगा। वहीं गोबर और मिट्?टी से बन रही हैं, इसलिए शुद्ध भी हैं। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में पूरे देश में 24, 51,108 एवं 251 कुण्डीय महायज्ञों की श्रृंखला चल रही है। इसके अंतर्गत 400 कार्यक्रम स्वीकृत कर सम्पन्न कराए जा रहे हैं। मंडीदीप में आयोजित होने वाला महायज्ञ इसी का हिस्सा है।



## अब रिमोट सेंसिंग से होगा फसल नुकसान का आकलन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** फसल बीमा योजना में फसल के नुकसान का आकलन अब रिमोट सेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा। बीमा कम्पनी द्वारा तय समय पर बीमा राशि नहीं देने पर 12 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा। केंद्रीय किसान कल्याण और कृषि विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों से केंद्रीय बजट में कृषि से संबंधित सुझावों को लेकर बुलाई गई बैठक में यह बात कही। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि फसल बीमा योजना में पहले क्रॉप कटिंग मैन्युअल से नुकसान का आकलन होता था। केंद्र सरकार ने फैसला किया है कि इसे अब सैटेलाइट बेस्ड यानी रिमोट सेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा। इससे फसल के नुकसान का सटीक आकलन होगा। डीबीटी के माध्यम से उचित समय पर राशि हस्तांतरित की जाएगी। अगर बीमा कंपनी क्लेम देने में विलंब करेगी तो उसे क्लेम राशि पर 12त्न ब्याज देना होगा। केंद्र अपने हिस्से की राशि तत्काल देगा। चौहान ने राज्यों से अपील करते हुए कहा कि वह भी तत्काल पैसा देने का प्रबंध करें। पीएम फसल बीमा योजना विश्व की सबसे बड़ी फसल बीमा योजना है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों में मौसम आधारित फसल के लिए भी कई इंतजाम किए जा रहे हैं। किसानों के हित में कई फैसले लिए गए हैं। टॉप (टमाटर, प्याज और आलू) फसलों के मामले में कटाई के समय उत्पादक और उपभोक्ता राज्यों के बीच मूल्य का अंतर पाटने के लिए सरकार ने केंद्रीय नोडल एजेंसियों के कामों के लिए परिवहन और भंडारण का खर्च वहन करने का निर्णय लिया है।




## मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच का संपर्क अभियान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच का राज्य स्तरीय कर्मचारी संपर्क अभियान जारी है। शुक्रवार को मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे, राजू सिंह, घनश्याम कटारे, सत्येंद्र पांडे, राजा राम मोरे, श्याम लाल विश्वकर्मा, चांद सिंह, भूपेंद्र पांडे, थावरिया भील सहित अन्य पदाधिकारियों ने वन भवन, नर्मदा भवन, पंचायत भवन, सीपीए भवन में जाकर कर्मचारियों को बताया कि मंच ने पिछले साल उनके हित में क्या किया। किन मुद्दों, समस्याओं, मांगों को उठाया और उनमें क्या राहत दिलाई। पांडे ने बताया कि राज्य कर्मचारी संपर्क अभियान में कर्मचारियों को 2024 में सरकार के समक्ष प्रमुखता से रखी गई कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही साल 2025 की कार्ययोजना भी बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि मंच ने इस साल सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के आदेशों का पालन कराने, 40 हजार स्थाई कर्मियों को 7वें वेतनमान का लाभ दिलाने, 32 हजार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने, अनुकंपा नियुक्ति की पात्रता दिलाने, स्थानांतरण नीति का लाभ दिलाने, 5 लाख रुपए तक मेडिकल सुविधा एवं 5 लाख हजार वन सुरक्षा चौकीदारों को श्रम आयुक्त द्वारा निर्धारित वेतन दिलाने, अनियमित कर्मचारियों को श्रम अधिकार दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।



# मानसरोवर के तीनों आयुर्वेदिक कॉलेज में 15 दिवसीय अथर्व-2025

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नव वर्ष के आगमन के साथ मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के तीनों आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में अथर्व 2025 का शुभारंभ हुआ। 15 दिवसीय इस फैस्ट के लीग मैच में विद्यार्थियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है।




इनडोर मुकाबले में जहां खिलाड़ी चेस, कैरम आदि खेलों का भरपूर आनंद ले रहे हैं, वहीं आउटडोर गेम्स में खो-खो, कबड्डी, बॉलीवाल, क्रिकेट आदि गेम्स में भाग ले रहे हैं। अथर्व के तीसरे दिन लीग मैच में गर्ल्स खो-खो में टीम अभिमन्यु (श्री साईं 2023-24 बैच) वर्सेस कल्की (श्री साईं 2021-22 बैच) के बीच मुकाबला हुआ। टीम कल्की ने 12 प्वाइंट हासिल कर टीम अभिमन्यु को एक प्वाइंट से शिकस्त दी। वहीं टीम कर्ण (एमएएमसी 2021-22 बैच) और टीम अगत्स्य (2020-21 बैच) के बीच हुए मुकाबले में टीम कर्ण ने 24 अंक बनाते हुए टीम कर्ण को 16 अंकों से शिकस्त दी। अथर्व 2025 के इनडोर मुकाबले में बैच 2024-25 ब्वॉयज में टीम योद्धा के पियूष और वेदांत, गर्ल्स में टीम विद्युत की अंजली और खुशी, बैच 2023-24 ब्वॉयज में मानसरोवर के प्रकाश और लिखित, श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद के लवेन्द्र और यश, एफओए के संकल्प और श्रेयस, गर्ल्स मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में इशिता और पूनम, श्री साईं से मुस्कान और शीतल, एफओए से स्नेहल और अश्विनी विजेता रहे। अथर्व 2025 का शुभारंभ मानसरोवर समूह की कुलाधिपति मंजुला तिवारी और आयुर्वेद संचालक डॉ. बाबुल ताम्रकार ने किया।

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय-1 में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 के प्राथमिक विभाग में मिनी क्रिकेट (टेनिस बॉल) प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को हुआ द्य इंटर हाउस कॉम्पिटिशन के तहत आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में चारों सदनों के बालकों की टीम भाग लिया। पहला मैच अशोका हाउस और रमन हाउस के बीच में खेला गया। रोमांचक मुकाबले में अशोका हाउस विजयी रहा।

प्रतियोगिता का शुभारंभ केन्द्रीय विद्यालय संगठन रीजनल ऑफिस भोपाल की सहायक आयुक्त निर्मला बुडानिया के मुख्य आतिथ्य एवं विद्यालय के प्राचार्य भोपाल के मार्गदर्शन में किया गया। दूसरे मैच में शिवाजी हाउस का मुकाबला टैगोर हाउस से हुआ, जिसमें टैगोर हाउस ने मैच जीत लिया। अंत में टैगोर हाउस और अशोक हाउस के बीच फाइनल मुकाबला हुआ और टैगोर हाउस ने बड़ी आसानी से फाइनल मैच जीत कर चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया द्य विद्यालय के प्राचार्य गौरव कुमार द्विवेदी ने विजेता टीम एवं अन्य टीमों को पुरस्कृत किया।



उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों में स्वस्थ प्रतियोगिता का निर्माण करते हैं। बल्कि टीम भावना और निर्णय लेने की क्षमता को भी बढ़ाते हैंद्य शनिवार केंद्रीय विद्यालय में फन-डे के रूप में मनाया जाता है। यह बैगलेस-डे भी था, क्योंकि बच्चे बगैर बैग के स्कूल आए थे। अंत में प्रधानाध्यापक संजय कुमार सोनटक्के ने आभार व्यक्त किया।

# 4 शव मिलने के मामले में भाई-भाभी पर शक

## कमरे में मिले खून के धब्बे, लाशों पर नुकीले हथियार से मारने के निशान





राकेश सिंह | सुरेंद्र प्रजापति | जोगेंदर महतो | करण साहू

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली में सेप्टिक टैंक से चार शव मिलने के मामले में पुलिस एक दंपति को पूछताछ के लिए थाने लाई है। इनमें से पति बिहारी, एक मृतक सुरेश प्रजापति की मौसी का लड़का है। पुलिस को सुरेश के कमरे से खून के धब्बे भी मिले हैं। कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है।

दरअसल, शनिवार को बरगवां थाना इलाके के बड़ोखर गांव में एक मकान के पीछे बने सेप्टिक टैंक से चार लोगों के शव मिले थे। इनमें से एक सुरेश, मकान मालिक हरिप्रसाद प्रजापति का बेटा था। बाकी तीन लोगों की पहचान- करण साहू, राकेश सिंह और जोगेंदर महतो के रूप में हुई है।

**डीआईजी बोले- घटना में करीबी शामिल:** देर रात रीवा डीआईजी साकेत पांडे ने घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा- सुरेश के कमरे से आपत्तिजनक सामग्री मिलना मामले से अनैतिक संबंध जुड़े होने की वजह दर्शा रहा है।

डीआईजी ने कहा- घटना में मृतकों के करीबी शामिल हो सकते हैं। आशंका है कि नशीला पदार्थ देकर युवकों की हत्या की गई हो। पुलिस उनके मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और घटना के समय मौजूद मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर रही है।

वहीं, सिंगरौली एसपी मनीष खत्री ने कहा, 'प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। हर एंगल पर जांच की जा रही है।'

**चारों शव पर चोट और संघर्ष के निशान:** रीवा से फोरेंसिक साइंस एक्सपर्ट डॉ. महेंद्र सिंह भी देर रात सिंगरौली पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल और शवों का परीक्षण किया। सिंह ने कहा- सभी लाशों पर चोट के निशान हैं। नुकीली चीज से सिर और चेहरे पर वार किए गए हैं। शवों पर संघर्ष के निशान ज्यादा नहीं हैं। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि युवक या तो सो रहे थे या बेहोशी की हालत में थे। ऐसी स्थिति में 1 से 2 लोग ही इस हत्याकांड को अंजाम देने के लिए काफी हैं।

**जेसीबी से गड्ढा खोदकर निकाले थे शव:** टीआई शिवपूजन मिश्रा ने बताया कि हिंडालको प्लांट के गेट नंबर 3 के पास बड़ोखर गांव में हरिप्रसाद प्रजापति का मकान है। एनसीएल में कर्मचारी हरिप्रसाद फिलहाल जयंत इलाके में रहते हैं। कभी-कभार ही बड़ोखर आते हैं। उनके मकान के पीछे बने सेप्टिक टैंक से दुर्गंध आने की शिकायत पड़ोसियों ने की थी। पुलिस ने टैंक के पास जेसीबी से पैरलल गड्ढा खोदकर शवों को बाहर निकाला। मौके पर झारखंड की एक कार जेएच 24-के- 3393 भी मिली है।

**पड़ोस में रहने वाली महिला ने सबसे पहले देखे शव:** टीआई शिवपूजन मिश्रा के मुताबिक, पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने प्रजापति परिवार के मकान का दरवाजा खुला देखा। उसे चोरी का अंदेशा हुआ। इसके बाद वह घर के अंदर गई। वहां कोई नहीं मिला। जब वो पीछे की तरफ गई तो उसे बदबू आई। उसने वहां बने सेप्टिक टैंक में झांका तो शव दिखे।

**मां बोली- बेटे सुरेश की हत्या की गई:** मृतक सुरेश की मां मिथिलेश ने बताया- सुरेश 1 जनवरी को सुबह तीन दोस्तों के साथ घर से निकला था। बोला था कि दो-तीन घंटे में लौट आएगा। आशंका है कि बेटे की हत्या की गई है।

### कटनी से पन्ना में लाकर बेचते थे अवैध शराब

# आबकारी विभाग ने बाइक सवार दो आरोपियों को पकड़ा



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना जिले की आबकारी विभाग ने शराब की अवैध तस्करी करते हुए बाइक सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कटनी से अवैध शराब लाकर पन्ना में बेचते थे।

आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पांडेय के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि कटनी से दो बाइक पर चार व्यक्ति थैलों में अवैध शराब लेकर पन्ना के लिए निकले हैं। इस पर पन्ना-कटनी मार्ग से जंगल में कुछ अंदर पन्ना-बराछ मार्ग पर दोनों बाइक खड़ी कर चारों व्यक्ति किसी का इंतजार कर रहे थे, तभी आबकारी की टीम पहुंच गई। टीम को देखते ही चारों भागे, लेकिन टीम ने दो आरोपियों को पकड़ लिया। बाकी दो फरार हो गए। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने अपने नाम दीपक दुबे (35) और दशरथ बर्मन (35) बताए। दोनों कटनी जिले के रहने वाले हैं।

**350 पाव देशी शराब मिली:** पुलिस के मुताबिक, आरोपियों से 350 पाव देशी शराब मिली है। इसकी कीमत 25 हजार रुपए आंकी गई है। दोनों आरोपी शराब के संबंध में कोई वैध परमिट या लाइसेंस नहीं दिखा पाए। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से पन्ना जेल भेज दिया गया।

### नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री सोमवार को आएंगी सीधी

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वें जयंती के कार्यक्रम में होंगी सम्मिलित



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सत्कार अधिकारी जिला सीधी ने जानकारी देकर बताया कि प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी का 06 जनवरी को सायं 4 बजे सर्किट हाउस सीधी आगमन होगा। राज्य मंत्री सायं 4.30 बजे से स्थानीय सम्राट चौक में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वें जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्णय के परिपेक्ष्य में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वें जन्मवर्ष के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

संस्कृति विभाग के लिए जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा ''राष्ट्र समर्थ रू देवी अहिल्या की पुण्यगाथा'' नाट्य प्रस्तुति की जावेगी। राज्यमंत्री सायं 6.30 बजे रीवा के लिए प्रस्थान करेंगी।

# बस में सफर कर रहे युवक को किया डिजिटल अरेस्ट

## ठग बोला- बेटा बहुत पोर्न देखते हो, अब जेल जाने तैयार रहो



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा से मध्यप्रदेश के ब्यौहारी के लिए बस में सफर कर रहे एक युवक को साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर लिया। डिजिटल अरेस्ट हुए युवक के साथ सफर कर रहे हैं रिश्तेदार ने जागरूकता दिखाई और युवक को तत्काल शहडोल में ही उतार कर साइबर पुलिस से संपर्क किया। जिसके बाद साइबर पुलिस ने खुद ठगों बातचीत की और युवक को डिजिटल अरेस्ट से मुक्त कराया। घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है।

साइबरसेल प्रभारी सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित आशीष कुमार सेन निवासी पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा का रहने वाला है। वह जांजगीर चांपा से शहडोल के ब्यौहारी अपने रिश्तेदार को छोड़ने आ रहा था। तभी बस में सफर के दौरान ही एक अनजान मोबाइल नंबर से फोन आया और वह स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर आशीष को धमकाने लगा।

**पोर्न वीडियो के नाम पर डेढ़ घंटे रखा अरेस्ट:** साइबरसेल प्रभारी सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि ठगों ने आशीष को डराते हुए कहा कि आपके दारा लगातार अश्लील वीडियो देखे जा रहे हैं। अपराध पंजीबद्ध किया जा रहा है। जेल भेज दिया जाएगा, यदि जेल नहीं जाना है तो 61 हजार रुपए भेजिए। सफर के दौरान ठगों ने आशीष को लगभग डेढ़ घंटे डिजिटल अरेस्ट रखा।

**पुलिस को देखते ही ठग ने काट दिया फोन:** डिजिटल अरेस्ट होने के बाद युवक सीधे शहडोल में उतरकर साइबर पुलिस के पास पहुंचा। साइबर पुलिस की तरफ से प्रभारी सत्य प्रकाश मिश्रा ने खुद वीडियो कॉल पर जब ठगों से बातचीत की तो पुलिस को देखते ही ठग ने फोन काट दिया। वीडियो में दूसरी तरफ नकली वर्दी पहनकर ठग युवक को डरा रहे थे।

**वाट्सअप में ऑटो डाउनलोड बंद करके रखें:** साइबर सेल प्रभारी सत्यप्रकाश मिश्रा ने कहा कि यदि किसी अज्ञात मोबाइल नंबर से पुलिस अधिकारी, सीआईडी काइम ब्रांच बनकर कोई फोन करता है तो उससे लोग डरे नहीं। घटना की जानकारी तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन को देना चाहिए। साइबर फॉड होने पर तत्काल एनसीआरपी के नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके साथ ही व्हाट्सअप में मीडिया ऑटो डाउनलोड ऑप्शन बंद करके रखें।

### राह चलती लड़की को नाबालिग लड़कों ने छेड़ा

# राहगीरों ने पकड़ा, फिर लड़की ने दोनों को चप्पलों से पीटा

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दो नाबालिग लड़कों को एक लड़की सरेराह चप्पलों से पीट रही है। वीडियो कुछ दिन पुराना बताया जा रहा है। दोनों नाबालिग लड़कों ने लड़की को छेड़ा था, जिसके बाद राहगीरों ने दोनों को पकड़ लिया और फिर लड़की से चप्पलों से पिटवाया।

पूरा मामला ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम गहरवार के रेलवे ब्रज के पास का है। बीते दिनों एक लड़की स्कूल जा रही थी, तभी बाइक पर सवार दो नाबालिग लड़कों ने उसे छेड़ दिया। तभी वहां मौजूद लोगों ने यह देख दोनों नाबालिगों को पकड़ा, इसके बाद लड़की के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। दोनों लड़कों की लड़की ने चप्पलों से पिटाई की। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**दोनों पक्षों ने नहीं की पुलिस से शिकायत:** वहीं, इस मामाले को लेकर ईसानगर थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना ने बताया कि इस मामले में थाने में अभी तक किसी ने कोई शिकायत नहीं की है। वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का पता लगा लिया जाएगा, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वनरक्षक पति पर हमला, पत्नी और परिजनों ने की मारपीट, 9 वर्षीय बेटे को भी पीटा



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर के जैतहरी थाना अंतर्गत ग्राम खोडरी में वनरक्षक के साथ उसकी पत्नी और परिजनों ने मारपीट की है। आज दोपहर हुई मारपीट की घटना में पति विनय कुमार अहिरवार और बेटे को चोट आई। जिसकी रिपोर्ट थाना जैतहरी में पीड़ित विनय कुमार अहिरवार ने की है।

पीड़ित विनय कुमार अहिरवार ने बताया कि उसका विवाह 2015 में बहेराबांध थाना बिजुरी की हेमकुमारी के साथ हुआ था। जो अक्सर वाद-विवाद करने के साथ अपने मायके चली गई। हम दोनों के एक बेटा और बेटी है। नौ वर्षीय बेटा विपुल कुमार मेरे साथ वनचौकी खोडरी में रहकर वेंकटनगर में पढ़ता है।

5 जनवरी की दोपहर पत्नी हेमकुमारी अपने माता-पिता और अन्य लोगों के साथ 5-6 बड़ी गाड़ियों में अचानक उनके शासकीय आवास में पहुंचकर मारपीट करने लगे। जान बचाकर वह अपने बेटे के साथ तालाब की ओर भागे। जहां पीछे से दौड़कर बेटे के साथ भी मारपीट की गई। पति-पत्नी का कोतमा न्यायालय में तलाक का प्रकरण विचाराधीन है। जिसके कारण पत्नी और उनके परिजनों की ओर से मारपीट की गई।

# खेत से घर लौट रहे किसान को दबंगों ने पीटा

## जिला अस्पताल रेफर, छतरपुर में पुराने चुनावी विवाद को लेकर की मारपीट



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर के रामपुर गांव में रविवार सुबह खेत से काम करके घर जा रहे 24 वर्षीय किसान के साथ गांव की एक महिला सहित पांच लोगों ने लाठी-डंडों और पत्थर से मारपीट कर दी। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, रामपुर निवासी पंकज प्रताप पिता मनमोहन यादव (24) खेती करता है। उसने बताया कि रविवार सुबह करीब 11 बजे वह खेत से घर जा रहा था। तभी गांव के कास देव बाबा चौराहे पर एक किराना दुकान से वह सामान खरीदने लगा।

**चुनावी बहस को लेकर 5 लोगों ने की मारपीट:** इस दौरान गांव के शंकर प्रजापति के साथ उसका चुनावी बात को लेकर विवाद हो गया। तभी शंकर के साथ जयराम, फरुआ प्रजापति एक अन्य व्यक्ति सहित महिला सहित 5 लोगों ने मारपीट कर दी। इस दौरान शंकर ने उसके सिर में पत्थर मार दिया। जिससे पंकज सिर में गंभीर चोट आई और वह नीचे गिर गया। इसके बाद आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से पीट दिया।

**जिला अस्पताल में इलाज जारी:** घटना के बाद परिजन उसे लेकर शिकायत करने मातगुवां थाने पहुंचे, जहां से पुलिस ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पंकज के बड़े भाई हीरो यादव ने बताया कि उसका गांव के लोगों से पुराना राजनैतिक विवाद चल रहा है। जिस वजह से उन लोगों ने रविवार को भाई के साथ मारपीट कर दी।

# डॉ प्रेमलाल मिश्र जिला शिक्षा अधिकारी सिंगापुर रवाना

## 21वीं सेन्चुरी टीचिंग एण्ड लर्निंग स्किल्स इन क्लास रूम विषय पर प्राप्त करेंगे प्रशिक्षण

### 06 जनवरी से 12 तक आयोजित होगा प्रशिक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला शिक्षा अधिकारी सीधी डॉ प्रेमलाल मिश्र सिंगापुर में 21वीं सेन्चुरी टीचिंग एण्ड लर्निंग स्किल्स इन क्लास रूम विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण दिनांक 06 जनवरी से 12 जनवरी तक आयोजित होगा।

21वीं सदी के लिए शिक्षक शिक्षा का एक मॉडल है सिंगापुर की शिक्षण रणनीतियों में मजबूत स्कूल नेतृत्व विकसित करना, व्यावसायिक विकास के लिए प्रतिबद्धता, तकनीक से लैस स्कूलों के लिए नए मॉडल बनाने जैसी बातों का ध्यान रखा जाता है।

प्रशिक्षण में 21वीं सदी के कौशल में सहयोग, डिजिटल साक्षरता, महत्वपूर्ण सोच और समस्या समाधान जैसी दक्षताएं शामिल हैं। जन सामान्य का मानना है कि शिक्षकों को इन कौशलों को सिखाना चाहिए ताकि वे आज की दुनिया में छात्रों की मदद कर सकें।

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल. मिश्रा को प्रशिक्षण में चुने जाने के लिये जिले की उपलब्धि मानते हुये उनके यात्रा की शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# महिला सशक्त वाहिनी कक्षा का संचालन 7 जनवरी से

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने जानकारी देकर बताया है कि सीधी जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत पुलिस भर्ती में चयन हेतु महिला सशक्त वाहिनी कक्षा का संचालन कर लिखित एवं पुलिस विभाग की आधारभूत संरचना का उपयोग करते हुये कमांडेट होमगार्ड द्वारा शारीरिक प्रवीणता की तैयारी हेतु युवतियों एवं बालिकाओं को निः शुल्क प्रशिक्षण दिये जाने हेतु सीधी जिले की कुल 56 बालिकायें द्वारा 23 सितम्बर से 07 अक्टूबर तक (कार्यालयीन कार्य दिवसों में) कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला सीधी में आवेदन प्रारूप जमा किया गया है। उक्त महिला सशक्त वाहिनी कक्षा का संचालन 07 जनवरी से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 में सुबह 08 बजे से 10 बजे तक किया जायेगा।

पंजीकृत बालिकाओं को सूचित किया गया है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

### विकासखण्डवार रोजगार मेले का आयोजन 07 से

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अति.मिशन संचालक अशुमन राज ने जानकारी देकर बताया है कि जिले के बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय सीधी द्वारा एजिल सिक्योरिटी फोर्स ट्रेनिंग एकेडमी द्वारा रोजगार मेले का आयोजन विकासखण्डवार किया जा रहा है। सुरक्षा जवान हेतु निर्धारित योग्यता 8वीं पास या फेल, लंबाई 175 सेमी, उम्र 20 से 35 वर्ष होना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि 07 जनवरी को जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत जनपद परिसर मझौली में, 08 जनवरी को रामपुर नैकिन अंतर्गत जनपद परिसर रामपुर नैकिन में, 09जनवरी को सिहावल अंतर्गत जनपद परिसर सिहावल में, 10जनवरी को कुसमी अंतर्गत जनपद परिसर कुसमी में एवं 11 जनवरी को सीधी अंतर्गत जनपद परिसर सीधी में प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया गया है।

## संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा ने प्राचार्यों से किया परीक्षा पर चर्चा

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी की हुई समीक्षा

### मेरिट में ज्यादा छात्र आये इसलिए संचलित हो विशेष कक्षा





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सयुंक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा श्री के पी तिवारी की अध्यक्षता में बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र 2 सीधी के सभागार में प्राचार्यों की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में गत वर्ष के कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों खासकर 0 से 30 प्रतिशत वाले स्कूलों के परिणाम कैसे बढ़ेंगे, उनका एक्शन प्लान क्या है आदि बिंदुओं पर प्राचार्यों से बात हुई। जेडी रीवा ने कहा कि कमजोर विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल कक्षाएं नियमित रूप से चलें। 10वीं एवं 12वीं के ऐसे विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवाई जाए जो अर्धवार्षिक परीक्षा में डी एवं ई ग्रेड लाए हैं। रेमेडियल कक्षाओं के दौरान मॉड्यूल से विद्यार्थियों से ही पढ़ाई करवाई जाए। दसवीं की तैयारी के लिए अभ्यास पुस्तिका, वन लाइनर एवं तीन वर्ष के पेपर का उपयोग किया जाय। पढ़ाई में कमजोर छात्रों के पालकों से बात करें।

बैठक में जेडी कार्यालय रीवा के आई टी सेल के प्रमुख जनार्दन मिश्र, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शम्भू नाथ त्रिपाठी, रामाधार पांडेवा, एडीपीसी प्रवीण शुक्ल, रामकृष्ण तिवारी, एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र, समस्त विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# 7 डिग्री पर पहुंचा तापमान

## 200 मीटर रही विजिबिलिटी, बच्चों और बूढ़ों को घर से निकलने की मनाही

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। 3 दिन में लगभग 7 डिग्री तापमान कम हुआ है। रविवार सुबह 6 बजे तापमान 7 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था। हालांकि 9 बजे यह तापमान 9 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रविवार को जिले में 200 मीटर विजिबिलिटी रही। जिससे सड़कों में वाहन कम नजर आए। मौसम वैज्ञानिकों ने बच्चों और वृद्ध लोगों को घरों से निकलने के लिए आज मनाही कर दी है। तकरीबन 1 बजे दोपहर तक निकलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# विचार

## डिफेंस कॉरिडोर, बीडा और फार्मा पार्क के जरिये बुंदेलखंड बन जाएगा इंडस्ट्रीज का हब

योगी सरकार ने बुंदेलखंड के कायाकल्प की एक और पहल की है। इस पहल के तहत सरकार झांसी एवं जालौन को जोड़ने वाले एक और लिंक एक्सप्रेसवे बनाएगी। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे से जोड़ने की पहल सरकार पहले ही कर चुकी है। साल 2024 के जाते झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे की सौगात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संकल्पना के अनुसार बुंदेलखंड के कायाकल्प का एक और जरिया बनेगी। झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे की लंबाई करीब 115 किलोमीटर होगी। इससे डिफेंस कॉरिडोर का औद्योगिक इको सिस्टम और बूस्ट करेगा। साथ ही सरकार द्वारा झांसी और कानपुर के बीच नोएडा से भी बड़ा, झांसी के 33 गांवों को मिलाकर 36 हजार एकड़ में बनने वाले औद्योगिक शहर में भी निवेशकों का आकर्षण बढ़ेगा। इसके लिए सरकार बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण ( बीडा ) के गठन का काम भी शुरू कर चुकी है। इन सबका लाभ सीधी और स्पीडी कनेक्टिविटी मिलने से लखनऊ, कानपुर, आगरा, चित्रकूट और झांसी के डिफेंस कॉरिडोर के नोड को मिलेगा। इसी तरह 15.2 किलोमीटर वाले चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़ जाने के बाद चित्रकूट के पर्यटन और इस नोड में स्थापित होने वाली डिफेंस कॉरिडोर की इकाइयों को भी खासा फायदा मिलेगा। मालूम हो कि चित्रकूट ही वह क्षेत्र है जहां वनवास के दौरान भगवान श्रीराम ने सीता और लक्ष्मण सहित सर्वाधिक समय गुजारा था। यहीं भरत उनको मनाने भी आए थे। ऐसे में इसका अच्छा खासा धार्मिक महत्व है। भगवान श्रीराम से जुड़े स्थलों को देखने बड़ी संख्या में यहां श्रद्धालु आते हैं। सरकार चित्रकूट के विकास के साथ इसे एयरपोर्ट से भी जोड़ चुकी। अब सड़क कनेक्टिविटी ठीक होने से चित्रकूट में पर्यटकों की आवाजाही और बढ़ेगी। इसका भी लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। सुदृढ़ कनेक्टिविटी से ललितपुर में दो चरणों में करीब 1500 एकड़ में बन रहे फार्मा पार्क में भी औद्योगिक माहौल तेजी से बनेगा। इस पर तो तेजी से काम भी शुरू हो चुका है। इस बाबत जिन गांवों की जमीनों को चिन्हित किया गया था उनमें से करीब 70 फीसद का अधिग्रहण हो चुका है। करीब 1300 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे शुरू में चार लेन का होगा। भविष्य में इसे छह लेन तक विकसित किया जा सकेगा। इसमें जमीन अधिग्रहण की ही अनुमानित लागत 228 करोड़ रुपये है।

# अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**कांग्रेस पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुयमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की हैं। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुयमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।**



जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया है। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल ही उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने तो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आम आदमी पार्टी कांग्रेस से खासी नाराज नजर आ रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह से चुनाव लड़ रही है उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी जीत तय मानकर आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। जिसके चलते आम आदमी पार्टी ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। जबकि हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आम आदमी पार्टी से समझौता करके चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी। मगर कांग्रेस ने अवसर गवां दिया और वहां भाजपा ने आसानी से तीसरी बार पहले से भी अधिक बहुमत से सरकार बना ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में तो समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी थी। जबकि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर ही लड़ा था।

महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महा विकास अघाड़ी की करारी हार होने के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में आप और समाजवादी पार्टी को सीट ना देकर गलती की थी। पार्टी के मुखपत्र सामना में भी लिखा गया कि कांग्रेस नेताओं के अति आत्मविश्वास और घमंड ने हरियाणा में हार के लिए भूमिका निभाई। पार्टी नेता संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को लगने लगा था कि वह अकेले ही जीत सकती है। इसलिए किसी को भी सत्ता में भागीदार बनाना उचित नहीं समझा था।

पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस कुल 329 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जिसमें से 145 सीटों पर बिना किसी गठबंधन की अकेले चुनाव लड़ी थी। जिसमें कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव जीती थी। कांग्रेस का बिना किसी दल से गठबंधन में जीत का रेशियो 25.52 प्रतिशत रहा था। जबकि कांग्रेस 184 सीटों पर साथी दलों से गठबंधन करके चुनाव लड़ी थी। इसमें कांग्रेस ने 62 सीट जीती थी और जीत का रेशियो 33.75 प्रतिशत रहा था। इस तरह से देखे तो कांग्रेस पार्टी को अकेले चुनाव लड़ने की बजाय गठबंधन साथियों की बदौलत बड़ी जीत हासिल हुई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 13 करोड़ 67 लाख 59 हजार 64 यानी 21.29 प्रतिशत वोट मिले थे। गठबंधन करने के कारण 2019 की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 1.91 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे।

कांग्रेस पार्टी ने पंजाब, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में अपने बूते चुनाव लड़ा था। जबकि बिहार, गुजरात हरियाणा झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। अंडमान निकोबार दीप समूह, आंध्र प्रदेश, दादरा नगर हवेली व दमन दीव, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड ऐसे प्रदेश है जहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका था।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में लगा जहां उनकी सीटे 44 से घटकर 16 रह गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना (यूबीटी) व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के साथ महाविकास अघाड़ी बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी। वहां कांग्रेस सबसे अधिक 101 सीटों पर चुनाव लड़ी जिसमें महज 16 सीट ही जीत पाई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 80 लाख 20 हजार 921 वोट मिले जो कुल मतदान का 12. 42 प्रतिशत थे। महाराष्ट्र में कांग्रेस की जीत का स्ट्राइक रेट 15.38 प्रतिशत ही रहा।

संसद का शीतकालीन सत्र का समापन हो चुका है। जिसमें अधिकांश समय कांग्रेस ने अदानी मुद्दे को लेकर संसद नहीं चलने दी। इससे संसद का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। इसको लेकर भी कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस, सपा ने कांग्रेस को घेरते हुये आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बहस नहीं होने देना चाहती है तथा सिर्फ अदानी मुद्दे को ही जिंदा रखे हुए हैं। यदि संसद चलती तो कई तरह के मुद्दों पर सरकार को घेरा जा सकता था।

इंडिया अलायंस में जिस तरह की खटपट वर्तमान समय में चलने लगी है वह अलायंस के लिए शुभ नहीं मानी जा सकती है। अलायंस में शामिल दल ही विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व को नकारने लगे है इससे बुरी बात कांग्रेस पार्टी के लिए और क्या हो सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से विपक्षी पार्टियों ने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन बनाकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। वही गठबंधन अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जा रहा है।

आने वाले समय में दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने हैं। वहां भाजपा चुनाव जीतने की पूरी रणनीति बनाने में जुटी हुई है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि वह दिल्ली की सत्ता पर फिर से काबिज हो। मगर कांग्रेस का रवैया देखकर आम आदमी पार्टी भी सकते में है। पार्टी के नेता कांग्रेस को वोट कटवा के रूप में देख रहे हैं तथा खुले आम भाजपा की बी टीम के रूप में काम करने का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की दो सूची जारी कर दी है। शेष सीटों पर भी जल्दी ही प्रत्याशियों के नाम घोषित करने की तैयारी चल रही है। यदि दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी पराजित हो जाती है तो इंडिया गठबंधन के ताबूत में वह आखरी कील साबित होगी।

कांग्रेस को यदि इंडिया गठबंधन को बचाना है तो अपने सहयोगी क्षेत्रीय दलों की भावनाओं को समझ कर फैसला करना होगा। तभी कांग्रेस अपने राजनीतिक वजूद को बचा पाएगी। इंडिया गठबंधन टूटने की स्थिति में कांग्रेस का भी कमजोर होना तय माना जा रहा है। क्योंकि कांग्रेस अकेले भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकती है। गठबंधन के साथी दलों की मदद से ही कांग्रेस मजबूत हो सकेगी इस बात से कांग्रेस नेता भी अच्छे से वाकिफ है।

# कनाडा का संकट पंजाबी छात्रों के लिए भारत में ही रोजगार का अवसर बना

कई सालों से पंजाबियों के लिए उच्च शिक्षा और बेहतर रोजगार के अवसरों का केंद्र रहा कनाडा अब संकट में है। कई चुनौतियों का सामना कर रहे कनाडा में आर्थिक और सामाजिक संकट के कारण वहां भारतीय छात्रों का भविष्य अंधकारमय है। रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे पढ़े-लिखे युवाओं में से कई ड्रग्स माफिया के चंगुल में फंसे हैं। हालांकि इस संकट ने भारत के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत किया है। यह समय है जब भारत अपनी युवा वर्कफोर्स को हुनरमंद बना कर उनकी क्षमता का उपयोग देश में ही करे। भारत के पास दुनिया की सबसे बड़े युवा कार्यबल में 65 प्रतिशत लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं। इस युवा और ऊर्जावान कार्यबल के दम पर भारत के लिए एक वैश्विक प्रतिभा केंद्र के रूप में उभरने का अवसर है। भारत की यह युवा शक्ति न केवल घरेलू बाजार की मांगों को पूरा कर सकती है बल्कि कनाडा से परे वैश्विक स्तर पर भी भारतीय युवाओं की अहम भूमिका हो सकती है। इस क्षमता का पूरी तरह से उपयोग तभी हो सकता है जब हम अपने युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड के मुताबिक स्किल डिवैल्पमैंट के जरिए तैयार करें। भारत के युवाओं में उत्साह और प्रेरणा है, लेकिन कई बार उनके पास उस उत्साह को सही दिशा देने के लिए आवश्यक कौशल और प्रशिक्षण की कमी होती है। इस कमी को दूर करने के लिए हमें कौशल विकास पर जोर देना होगा। यह विशेष रूप से उन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है जहां वैश्विक मांग तेजी से बढ़ रही है, जैसे कि इंफार्मेशन टैक्नोलॉजी, हॉस्पिटैलिटी, ब्यूटी-वैलनैस, ट्रांसपोर्टेशन और रिटेल। कनाडियन ब्यूरो फार इंटरनैशनल एजुकेशन के मुताबिक इस समय 3 लाख से अधिक भारतीय छात्र कनाडा में पढ़ रहे हैं। कनाडा के हालिया संकट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कनाडा से परे यूरोप, ताईवान और वियतनाम जैसे देशों में भी कुशल कामकाजी लोगों की आवश्यकता बढ़ रही है। भारत इस अवसर का लाभ ले सकता है बशर्ते हमें अपने युवाओं के लिए स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम इन देशों की जरूरतों के अनुसार बनाने होंगे। भारत सरकार ने पहले ही 'स्किल इंडिया', 'डिजिटल इंडिया' और 'नैशनल स्किल डिवैल्पमैंट मिशन' जैसे कार्यक्रमों की शुरूआत की है

। ये कदम भारत के कौशल विकास के प्रयासों को एक ठोस दिशा प्रदान करते पर इन्हें वैश्विक मानकों के अनुरूप और अधिक विस्तारित करने की जरूरत है। इसके लिए जरूरी है कि प्राइवेट सैक्टर भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सर्टिफिकेशन प्रोग्राम तैयार करे, ताकि भारतीय वर्कफोर्स को वैश्विक मान्यता प्राप्त हो सके। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म और शैक्षिक संस्थानों के साथ सांझेदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में भी उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है। यह कदम न केवल कौशल विकास में मदद करेगा, बल्कि भारत के दूरदराज के इलाकों तक भी रोजगार के अवसर पहुंचाएगा। कौशल विकास का एक और महत्वपूर्ण पहलू उद्यमिता को बढ़ावा देना है। सिर्फ रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय, हमें युवाओं को खुद का व्यवसाय शुरू



करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उदाहरण के लिए ब्यूटी-वैलनैस क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति अपना सैलून खोल सकता है, या फिर परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक डिलीवरी सेवा शुरू कर सकता है। इस तरह के कदमों से रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे और भारतीय युवा आत्मनिर्भर बनेंगे। इंफार्मेशन टैक्नोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस, क्लाऊड कम्प्यूटिंग और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में तेजी से प्रगति हो रही है। भारत को डेटा एनालिटिक्स, ए.आई. एप्लिकेशन और साइबर सुरक्षा के क्षेत्रों में कुशल कार्यबल तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू पर्यटकों में वृद्धि के कारण इस क्षेत्र में सॉफ्ट स्किल्स और सांस्कृतिक समझ रखने वाले पेशेवरों की मांग बढ़ी है। भारत के युवा इस अवसर का लाभ उठाकर पर्यटन उद्योग में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

भारत में कौशल विकास की दिशा में सफलता पाने के लिए सरकार निजी क्षेत्र और शैक्षिक संस्थानों को मिलकर काम करना होगा। बाजार की मांग के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विकास और वित्तीय प्रोत्साहन के जरिए रोजगार सृजन करना बेहद महत्वपूर्ण है।

भारत के युवा एक परिवर्तनकारी मोड़ पर खड़े हैं।

उन्हें सही हुनर देकर हम न केवल बेरोजगारी की समस्या का समाधान कर सकते हैं बल्कि वैश्विक कार्यबल की मांग को भी पूरा कर सकते हैं। यह भारत को एक वैश्विक प्रतिभा केंद्र के रूप में स्थापित करने का सही समय है। अगर भारत अपने युवाओं को वैश्विक आवश्यकताओं के अनुसार हुनरमंद बनाने में सफल होते हैं तो हम एक ऐसे वैश्विक कार्यबल की आपूर्ति करने में सक्षम होंगे जो न केवल भारत के आर्थिक विकास को गति देगा बल्कि दुनिया भर के देशों के लिए एक मजबूत संसाधन बन जाएगा।

# टैंकर-हाइवा में टक्कर, आग में जिंदा जले ड्राइवर-हेल्पर

## 20 हजार लीटर भरा था पेट्रोल-डीजल, रायपुर से बलौदाबाजार जाते वक्त कोयला लोड हाइवा से टकराया

**मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में शनिवार देर रात पेट्रोल-डीजल से भरा टैंकर कोयला लोड हाइवा से टकरा गया। हादसे के बाद टैंकर में आग लग गई। ड्राइवर और हेल्पर जिंदा जल गए। गाड़ियां भी जलकर राख हो गई हैं। मामला पलारी थाना क्षेत्र के गोंडा पुलिया मोड़ का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मरने वालों में शिवरीनारायण निवासी ड्राइवर छेदी पटेल (58) और चांपा के उमरेली निवासी हेल्पर कान्हा वैष्णो (22) शामिल हैं। ये दोनों टैंकर के ड्राइवर और हेल्पर थे। गाड़ी से दोनों की हड्डियां बरामद हुईं।





**टैंकर ने खराब हाइवा को टक्कर मारी:** जानकारी के अनुसार, टैंकर रायपुर के मंदिर हसौद डिपो से जांजगीर चांपा जा रहा था। टैंकर में 20 हजार लीटर पेट्रोल-डीजल भरा हुआ था। शनिवार रात करीब 9 बजे पलारी पहुंचा, तो गोंडा पुलिया मोड़ पर सड़क किनारे खराब हाइवा खड़ा था, जिससे टैंकर टकरा गया। टक्कर के तुरंत बाद टैंकर में आग लग गई।

**तेजी से फैली आग, बाहर नहीं निकल सके ड्राइवर-हेल्पर:** बताया जा रहा है कि आग इतनी भीषण थी कि, कुछ ही मिनटों में पूरे टैंकर को अपनी चपेट में ले लिया। टैंकर के केबिन में फंसे ड्राइवर और हेल्पर बाहर नहीं निकल सके। आग के विकराल रूप और संभावित विस्फोट की आशंका के चलते कोई भी टैंकर के पास जाने की हिम्मत नहीं कर पाया।

**आग बुझाने करनी पड़ी घंटों मशक्कत:** सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने में करीब 3 घंटे का समय लगा। जब आग बुझाई गई, तब टैंकर के अंदर से ड्राइवर और हेल्पर की हड्डियां बरामद हुईं। वहीं, दमकल की 4 गाड़ियों ने 10 टैंकर पानी और 700 लीटर फोम की मदद से आग पर काबू पाया।

बताया जा रहा है कि, ट्रेलर खराब होने के बाद ड्राइवर ने मुख्य सड़क पर कोई संकेतक नहीं लगाया था, जिस कारण यह हादसा हुआ है। रात के अंधेरे में टैंकर ड्राइवर समझ नहीं पाया कि सामने कोई गाड़ी खड़ी है। हादसे में करीब 50 लाख का नुकसान हुआ है।

**खराब हाइवा से हुआ हादसा:** मामले में एसडीओपी निधि नाग का कहना है कि, यह हादसा खराब हाइवा की वजह से हुआ है। पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। जगह चिन्हित कर सुरक्षा नियमों को सख्त किया जाएगा।

### 8 जनवरी को होगा पंचायत-चुनाव में आरक्षण प्रक्रिया

## पंच से लेकर जनपद और जिला पंचायत तक 7336 पदों के लिए होंगे चुनाव



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं में कई पदों के लिए आरक्षण की कार्रवाई 8 जनवरी को कलेक्ट्रेट में होगा। सबसे पहले दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में जिला पंचायत सदस्यों और जनपद पंचायतों के आरक्षण की कार्रवाई होगी। वहीं सभी जनपद पंचायतों के सभाकक्ष में सुबह 10.30 बजे से जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच पदों के लिए नियमानुसार आरक्षण किया जाएगा। दरअसल, बिलासपुर में 486 ग्राम पंचायत हैं। वहीं 4 जनपद पंचायत के तहत 25-25 सदस्यों और जिला पंचायत के 17 सदस्यों के चुनाव एक साथ होंगे। इस तरह जिले में पंचायतराज संस्थाओं के तहत 7336 पदों के चुनाव होंगे। कलेक्टर अवनीश शरण ने आरक्षण की कार्रवाई पूरी कराने के लिए अफसरों की नियुक्ति करते हुए इसके लिए आम सूचना जारी कर दी है।

**आरक्षण की प्रक्रिया यह अफसर पूरा कराएंगे:** जिला स्तर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्यों के आरक्षण की कार्रवाई अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी पूरा कराएंगे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलासपुर पीयूष तिवारी, उप संचालक पंचायत शिवानी सिंह और जिला अंकेक्षक एके धिरही उन्हें सहयोग करेंगे। इसी तरह सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अपने-अपने अनुविभाग में आरक्षण की प्रक्रिया पूरा कराएंगे।

इसी तरह संबंधित तहसीलदार और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उन्हें इस काम में सहयोग करेंगे। जनपद पंचायत कार्यालय, बिल्हा, मस्तुरी, कोटा और तखतपुर में 8 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से आरक्षण की प्रक्रिया शुरू होगी। जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और वार्ड पंचों के पदों का का आरक्षण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और इन सभी वर्गों में महिलाओं के लिए पद आरक्षित किए जाएंगे।

# कस्टम मिलिंग का धान व्यापारी को बेचा

## राइस मिलर को नोटिस जारी, धान के अवैध संग्रहण पर लगातार कार्रवाई जारी

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में हर किसान से धान खरीदने के लिए कवायद चल रही है। दूसरी ओर धान का अवैध संग्रहण करने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कस्टम मिलिंग की हालत यह है कि, मिलर धान उठाने में आनाकानी कर रहे। अब एक राइस मिलर ने धान को निजी व्यापारी को बेच दिया। इस मामले में कलेक्टर अवनीश शरण ने राइस मिलर को नोटिस जारी किया है।

राजस्व विभाग के अफसरों ने शनिवार को निरीक्षण के दौरान एक राइस मिलर को कस्टम मिलिंग के धान को एक निजी व्यापारी को बेचते रंगे हाथ पकड़ा। खाद्य विभाग ने राइस मिलर को नोटिस जारी करते कार्रवाई के साथ-साथ पंजीयन भी निरस्त करने की चेतावनी दी है। मामला बिल्हा ब्लॉक के ग्राम केशला स्थित मेसर्स शंकर राइस प्रोडक्ट का है। राइस मिल के मालिक और संचालक मनोज अग्रवाल है।



**जानिए क्या है नोटिस में:** खाद्य नियंत्रक बिलासपुर ने जारी नोटिस में लिखा है कि, संचालित राइस मिल खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के कस्टम मिलिंग के लिए पंजीकृत है। जिसके परिपेक्ष्य में उसे 16 दिसंबर 2024 को उपार्जन केन्द्र सेवांर से 280 क्विंटल धान उठाव के लिए डी.ओ. क्रमांक 002024124001839 जारी हुआ था। 3 जनवरी 2025 को वाहन क्रमांक सीजी 04 एलजेड 7978 से धान का उठाव हुआ।

नोटिस के मुताबिक, 3 जनवरी 2025 को राजस्व विभाग तहसील-बिल्हा के अधिकारियों ने ग्राम बरतोरी स्थित ओम ट्रेडर्स की जांच की गई, जहां से उसके मिल के लिए जारी डी.ओ. के खिलाफ उठाव किए गए 280 क्विंटल धान (700 कट्टी) को वाहन कमांक सीजी 04 एलजेड 7978 से खाली कराया जा रहा था।

छापे के दौरान वाहन चालक मौके से फरार हो गया। इस प्रकार समर्थन मूल्य पर उपार्जित शासकीय धान का निजी व्यापारी को विक्रय किया जाना छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 का उल्लंघन है और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

**2 ठिकानों से 94 क्विंटल अवैध रूप से संग्रहित धान जब्त:** संयुक्त टीम ने कल दो ठिकानों पर छापामार कार्रवाई कर 237 बोरी यानी लगभग 94 क्विंटल धान जब्त किया। खाद्य विभाग के जिला अधिकारी अनुराग भदौरिया ने बताया कि, तहसील बेलतरा के ग्राम नेवसा में व्यापारी सूरज साहू के घर से 102 कट्टी (40) क्विंटल) धान पाया गया।

धान के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने के कारण धान को राजस्व विभाग द्वारा सील किया गया। इसी प्रकार तहसील नेवसा में ही व्यापारी हरि सूर्यवंशी के घर पर उसके टोकन से 135 कट्टी (54 क्विंटल) धान का वैध दस्तावेज नहीं होने पर सील किया गया।

**संवेदनशील खरीदी केन्द्रों की निगरानी:** आधिकारिक जानकारी में बताया गया कि, धान खरीदी में गड़बड़ी की आशंका वाले 28 संवेदनशील खरीदी केन्द्रों की निगरानी के लिए विशेष अधिकारी तैनात किए गए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर उप पंजीयक सहकारिता ने आदेश जारी कर दिया है। प्रत्येक केंद्र के लिए दो अधिकारी होंगे।

एक सहकारिता विस्तार अधिकारी और दूसरा जिला सहकारी बैंक के सुपरवाइजर हैं। ये टीम एक साथ दौरा कर केंद्र की गतिविधियों पर नजर रखेगी और केंद्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या गड़बड़ी की सूचना सीधे कलेक्टर को देंगी।

### 13 थानेदारों का तबादला, 7 एसआई भी बदले

**मीडिया ऑडीटर, राजनांदगांव एजेंसी।** राजनांदगांव जिले में पुलिसिंग की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 13 थानों में पदस्थ निरीक्षकों का तबादला किया गया है। वहीं, 7 एसआई को भी अन्य स्थानों पर पदस्थ किया गया है। एसपी मोहित गर्ग ने शनिवार को तबादला आदेश जारी किया है।

**जानिए किसे कहां भेजा गया:** जारी तबादला आदेश में प्रभारी यातायात अजय खेस को पुलिस लाइन में भेजा गया है। टीआई नंद किशोर गौतम को एसपी कार्यालय से प्रभारी यातायात, मिलन सिंह को बोरतलाव से डीआरजी, ओमप्रकाश ध्रुव को डीआरजी से प्रभारी कंट्रोल रूम, उपेंद्र कुमार शाह को डोंगरगांव से बोरतलाव भेजा गया। अवनीश श्रीवास को रक्षित केंद्र से डोंगरगांव, संजय बरेठ को कोतवाली से चिखली, रामेंद्र सिंह को सोमनी से कोतवाली, टीआई एमन साहू को रक्षित केंद्र से बसंतपुर, बसंतपुर के टीआई सत्यनारायण देवांगन को थाना प्रभारी सोमनी, सीआर चंद्रा को एसपी कार्यालय। मनीष ध्रुवे को चौकी प्रभारी सुकुलदैहान, राकेश मन्नाडे को सुकुलदैहान से रक्षित केंद्र में पदस्थ किया गया है।

## डॉ. पूजा से रेप किया, फिर मारकर फांसी पर लटकाया

### सीआईसी की जांच में जिम ट्रेनर निकला हत्यारा, बिलासपुर पुलिस ने मर्डर को बताया था सुसाइड



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 10 मार्च को जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर पूजा चौरसिया की लाश उनके कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली थी। घटना के लगभग दस महीने बाद ष्द्धष्ठ की जांच में सामने आया है कि पूजा की मौत सुसाइड नहीं, बल्कि हत्या थी। इस मामले को बिलासपुर पुलिस ने सुसाइड बताया था।

सीआईडी ने अपने 580 पेज की जांच रिपोर्ट में बताया है कि जिम ट्रेनर सूरज पांडेय ने पहले महिला डॉक्टर पूजा का रेप किया। इसके बाद उसकी हत्या कर दी। मर्डर को सुसाइड की तरह दिखाने के लिए आरोपी ने पूजा की लाश उसके कमरे के पंखे पर फंदे से लटका दी।

हालांकि पूजा की मां रीता चौरसिया ने जांच पर असंतोष जाहिर करते हुए ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को ष्द्धष्ठ से जांच कराने के निर्देश दिए। पूजा की मां ने उसके पति अनिकेत पर भी हत्या में शामिल होने की आशंका जताई थी, लेकिन सीआईडी की रिपोर्ट में अनिकेत के खिलाफ कोई भी नेगेटिव पाइंट सामने नहीं आया है।

**पोस्टमॉर्टम में डॉक्टर ने बताया था सुसाइड, मां ने नहीं माना:** डॉ. पूजा चौरसिया की मौत 10 मार्च 2024 की शाम को बाबजी नगर स्थित मकान में हुई थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में डॉक्टर ने इसे आत्महत्या का मामला बताया था। इसके आधार पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में जिम ट्रेनर सूरज पांडेय को गिरफ्तार किया था। पांडेय अभी जेल में है।

पूजा की मां रीता चौरसिया ने एक प्राइवेट फोरेंसिक एक्सपर्ट से घटनास्थल की जांच कराई। एक्सपर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक जिस कमरे में मौत हुई, वहां बिस्तर के दाईं ओर पुरुष स्पर्म के निशान थे। बिस्तर पर बड़े पैमाने पर महिला-पुरुष दोनों के बाल थे, जो दो लोगों के बीच हुए संघर्ष की ओर इशारा कर रहे थे।

**मौके पर बीयर बॉटल, लोहे का रॉड भी मिला:** वहीं जिस पंखे पर फांसी लगाने की बात कही गई थी, उसमें पूजा के फिंगर प्रिंट नहीं थे। मौके पर बीयर बॉटल, लोहे का रॉड भी मिला था। एक और चौंकाने वाली बात यह भी थी कि पूजा की हाइट 5.5 फीट थी। बिस्तर से पंखे की ऊंचाई 6.9 फीट है।

यानी बिना किसी स्टूल या टेबल के फंदा लगाना आसान नहीं है, जबकि मौके पर यह नहीं मिला। पुलिस की रिपोर्ट में भी इसका उल्लेख नहीं है।

## गंगाजल में साइनाइड मिलाकर किए 3 मर्डर, पकड़ा गया तो बोला- 6 को मारा, चलो लाश दिखाता हूं, रायपुर पुलिस को किया गुमराह



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में गंगाजल में साइनाइड मिलाकर ट्रिपल मर्डर की वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपी इतना शातिर है कि पहले तो रायपुर जिले की पुलिस को भी गुमराह करता रहा। जब उसने एक मर्डर धमतरी में किया तब वह फंस गया। धमतरी एएसपी और साइबर टीम ने करीब हफ्ते भर आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की। इस पूछताछ में उसने 3 नहीं बल्कि 6 मर्डर करने की बात कह दी। आरोपी ने कहा कि, उसने लाशों को अलग-अलग जगह खेतों में गाड़ दिया है।इस इनपुट पर पुलिस दुर्ग के पाटन, उतई और शिवनाथ नदी के किनारे पहुंची। जेसीबी की मदद से कई गड्ढे खुदवाएं। हालांकि कोई लाश नहीं मिली लेकिन पूछताछ के मुताबिक तीन मर्डर की बात साबित हो गई।

**सिलसिलेवार तीन हत्यायें:** आरोपी सुखवंत मूल रूप से दुर्ग का रहने वाला है। वह कंप्यूटर और फोटो-कॉपी की दुकान चलाता है। सुखवंत की पहचान अभनपुर के रहने वाले नरेंद्र साहू से हुई। नरेंद्र भी खोरपा गांव में कंप्यूटर दुकान चलाता है। सुखवंत ने उसे बताया कि वह तंत्र-मंत्र करना जानता है। सुखवंत ने तंत्र-मंत्र से पैसों की बारिश कराने का भी झांसा दिया। आरोपी ने नरेंद्र का विश्वास जीत लिया और पूजा-पाठ के बहाने उससे रुपए लेने लगा। जब नरेंद्र को कोई फायदा नहीं हुआ तो उसने सुखवंत से रुपए वापस मांगे। जिससे दोनों के बीच कहासुनी हो गई। सुखवंत को लगा कि उसका राज खुल जायेगा उसने नरेन्द्र की हत्या करने का प्लान बनाया।

**ऑनलाइन मंगवाया साइनाइड, क्राइम शो से आया आइडिया:** आरोपी सुखवंत का भी परिवार है जो दुर्ग में रहता है। उसे घर में टीवी में आ रहे क्राइम शो से हत्या का आइडिया मिला। पता चला कि साइनाइड जहर को पिलाने से व्यक्ति के मुंह में झाग नहीं आती और शुरुआती पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी जहर की पुष्टि नहीं हो पाती। व्यक्ति की मौत हार्ट अटैक से लगती है। उसने एक वेबसाइट के माध्यम से साइनाइड ऑर्डर कर मंगवा लिया और उसे गंगाजल के डिब्बे में मिला दिया।

**रात में तंत्र-मंत्र के बहाने बुलवाया:** आरोपी ने अभनपुर के नरेंद्र साहू (35 साल) को फिर तंत्र-मंत्र के बहाने 27 नवम्बर 2024 की रात एक नर्सरी के पास में बुलाया। वह अपने साथ नींबू, अगरबत्ती, लाल कपड़ा, साइनाइड मिला हुआ गंगाजल लेकर आया था। उसने गंगाजल को नरेंद्र को पिला दिया। जहर मिला हुआ जल पीने से नरेंद्र की मौत हो गई। अगले दिन युवक की लाश पुलिस को मिली। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में जहर ट्रेस नहीं हो पाया। पुलिस इसे हार्ट अटैक मानकर चलती रही। जब वीसरा रिपोर्ट सामने आई तो पता चला कि मौत जहर की वजह से हुई है।

**रायपुर पुलिस ने साइको किलर को छोड़ा:** पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, नरेंद्र के मोबाइल नंबर की जब जांच की गई तो सुखवंत का मोबाइल नंबर मिला। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की लेकिन वह गुमराह करता रहा।

## युवती से 7 सालों तक दुष्कर्म

### 2019 में बेटे को जन्म दिया, इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर करता रहा रेप



**मीडिया ऑडीटर, कोंडागांव एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में एक युवक शादी का झांसा देकर युवती से 7 सालों तक रेप करता रहा। पीड़िता ने दिसंबर 2019 में एक बेटे को जन्म दिया। जिसके बाद आरोपी उसे और बच्चे को कुल्हाड़ी से काटने की धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला फरसगांव थाना क्षेत्र का है। 04 जनवरी 2025 को पीड़िता ने फ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि लगभग 6-7 साल पहले जब वह घर पर अकेली थी, तब ग्राम झाटीबन आलोर निवासी पंचम मरकाम उसके घर घूमने के बहाने आया। अकेला पाकर उसने जबरदस्ती रेप किया।

**जान से मारने की दी धमकी:** आरोपी ने पीड़िता से कहा कि वह उससे शादी करेगा और किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डर के कारण पीड़िता चुप रही। बाद में, वह गर्भवती हो गई और दिसंबर 2019 में एक बेटे को जन्म दिया। आरोपी लगातार पीड़िता पर दबाव बनाता रहा। जब भी पीड़िता अपने परिवार को बताकर रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश करती, पंचम मरकाम उसे टांगी दिखाकर धमकी देता कि वह उसे और उसके बच्चे को मार डालेगा। इस डर के कारण पीड़िता चुपचाप सब सहती रही।

**आखिरकार दर्ज कराई रिपोर्ट:** 04 जनवरी 2025 को पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर फरसगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## पॉलिटेक्निक स्टूडेंट ने किया सुसाइड

### खाना खाने के बाद घर के पीछे लगा ली फांसी, मां ने देखी लाश



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई निप्र।** भिलाई में पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र लवकुश पाण्डेय ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसने फांसी क्यों लगाई है, इसका पता नहीं चल सका है। घटना सुपेला थाना क्षेत्र के वार्ड-10 आदर्श पारा की है। लवकुश के मामा ने बताया कि, वो घर में सबसे छोटा था। उसका बड़ा भाई मनीष बीटेक कर रहा है। उसकी एक बहन भी है। उसके पिता सुनील पाण्डेय ड्राइवर का काम करते हैं। मां हाउस वाइफ है।

**घर के पीछे लगाई फांसी:** शनिवार शाम 6 बजे लवकुश खाना खाकर घर से निकल गया। कुछ देर बाद लवकुश की मां कुसुम घर के पीछे बोर चालू करने गई। तो वहां लवकुश पर लटका हुआ था। मां ने शोर मचाया तो घर के बाकी लोग तुरंत पहुंचे। उन्होंने देखा कि रस्सी के जरिए फंदा बनाकर उसने फांसी लगाई है।

परिवार की सूचना पर सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया। उसे पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला स्थित मॉर्चुरी में भेजा गया। रविवार को उसका पोस्टमॉर्टम होगा।

**परिजन बोले- पता नहीं क्यों खुदकुशी की:** लवकुश के मामा का कहना है कि, उसका किसी से कोई झगड़ा नहीं था। घटना की शाम भी वो खुश था और घर में सबसे अच्छे से बात किया। खुद शाम को खाना मांगा और खाया। उसका बाहर भी किसी लड़की से कोई प्रेम प्रसंग भी नहीं है। ऐसे में उसने इतना बड़ा कदम कैसे उठाया, इसकी की जानकारी किसी को नहीं है।

### रायगढ़ के मुरारी होटल में लगी आग, शॉर्ट सर्किट से दुकान जलकर राख

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में स्थित मुरारी होटल में रविवार सुबह करीब 3 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे दुकान भी पूरी तरह चपेट में आ गई। इससे दुकान में रखे कई सामान जलकर राख हो गए। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, ढिमरापुर रोड स्थिति मुरारी होटल में एकाएक आग लग गई। जब आग की लपटें बढ़ने लगी, तो आसपास के लोगों को इसकी जानकारी हुई। मामले की सूचना दमकल और कोतवाली पुलिस को दी गई।

तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। आग काफी बढ़ चुकी थी।

# पुरुषोत्तम देवांगन बने बीजेपी जिला अध्यक्ष

## जिला चुनाव अधिकारी और पर्यवेक्षक खोला बंद लिफाफा, दुर्ग का ऐलान बाकी

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** भिलाई में भाजपा ने पुरुषोत्तम देवांगन को जिला अध्यक्ष बनाया है। जिला चुनाव अधिकारी गौरीशंकर अग्रवाल और पर्यवेक्षक भूपेंद्र सवन्नी ने घोषणा की है। जिला भाजपा कार्यालय में खुशी का माहौल है। पुरुषोत्तम देवांगन ने भाजपा में लंबा अनुभव, जमीनी कार्यकर्ता, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अहम भूमिका निभाई है।

नए जिलाध्यक्ष को लेकर भिलाई में करीब 40 भाजपा नेताओं ने जिलाध्यक्ष बनने के लिए अपनी दावेदारी की थी। वहीं दुर्ग में जिला अध्यक्ष की घोषणा होना बाकी है।






**दुर्ग से एक नाम लगभग तय**

भाजपा के सूत्रों की माने तो दुर्ग से ओबीसी नेता सुरेंद्र कौशिक का नाम लगभग तय माना जा रहा है। कौशिक वर्तमान में दुर्ग के जिला महामंत्री है। इसके साथ ही यहां से जिलाध्यक्ष की दौड़ में वरिष्ठ भाजपा नेता कांतिलाल बोथरा और कांतिलाल जैन का नाम भी चल रहा है। इन्हीं तीनों में से एक नाम तय होना है। जिसमें सुरेंद्र कौशिक सबसे आगे हैं।

## गुजरात के पोरबंदर में कोस्टगार्ड हेलिकॉप्टर क्रैश

**पोरबंदर ( एजेंसी )।** गुजरात के पोरबंदर में रविवार दोपहर 12 बजे इंडियन कोस्टगार्ड का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, कोस्टगार्ड का हेलिकॉप्टर ध्रुव नियमित उड़ान पर था। पोरबंदर एयरस्ट्रिप पर लैंडिंग के दौरान हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर के गिरते ही उसमें आग लग गई। इंडियन कोस्टगार्ड ने बताया कि हेलिकॉप्टर में 2 पायलट समेत 3 लोग सवार थे। हादसे में तीनों की जान चली गई, जिनकी पहचान सुधीरकुमार यादव, मनोजकुमार और सौरभ कुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही तटरक्षक बल के डीआईजी पंकज अग्रवाल और जिला पुलिस प्रमुख भागीरथ सिंह जाडेजा समेत पुलिस अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। तीनों जवानों के शव पीएम के लिए पोरबंदर के भावसिंहजी सरकारी अस्पताल भेजे गए हैं। पिछले साल 2 सितंबर को भी इंडियन कोस्ट गार्ड के एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ध्रुव) पोरबंदर तट के पास अरब सागर में गिर गया था। इस दौरान हेलिकॉप्टर में सवार 4 में से एक क्रू मेंबर को बचा लिया गया था, जबकि 3 क्रू मेंबर्स लापता हो गए थे।

## यूपी-बिहार में ठंड से 10 की मौत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के कारण पूरे उत्तर भारत में ठंड का असर तेज हो रहा है। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश में ठंड से 8 लोग और बिहार में 2 लोगों ने जान गंवाई। अरुणाचल प्रदेश की सेला झील का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें 4 टूरिस्ट फंसे हुए नजर आ रहे हैं। ये सभी जमी हुई झील पर चलते समय उसमें फंस गए। हालांकि बाद में उनका रेस्क्यू कर लिया गया। देश के 14 राज्यों में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा देखने को मिल रहा है। विजिबिलिटी घटने के कारण दिल्ली में रविवार को 160 फ्लाइट लेट हुईं। 7 कैंसिल भी हुईं। वहीं, 60 से ज्यादा ट्रेनें भी निर्धारित समय पर नहीं पहुंचीं। दिल्ली में 3 दिनों में कुल 900 से ज्यादा फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। राजस्थान में ठंड से फिलहाल राहत है। यहां आज कुछ जिलों में रविवार को बारिश की संभावना है। एमपी के मंडला में तापमान 4 डिग्री तक पहुंच गया है। राज्य के कई जिलों में 2 दिन बाद सर्दी और बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने कश्मीर और चिनाब घाटी में भारी बर्फबारी का अनुमान जताया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के भी 7 जिलों में भारी बर्फबारी के आसार हैं।

## आप ने भाजपा से पूछा- तुम्हारा दूल्हा कहां है

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने भाजपा के सीएम फेस को लेकर एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में बारात के एक घोड़े को दिखाया गया है। इस घोड़े पर कोई बैठा नहीं है वीडियो में आप ने पूछा- ये बिना दूल्हे का घोड़ा किसका है। भाजपा का है क्या। अरे भाजपा वालों अपने दूल्हे का नाम तो बताओ। उधर, भाजपा ने इस वीडियो का जवाब पोस्टर जारी करके दिया। भाजपा ने एक्स पर जारी किए पोस्टर में लिखा- आप-दा जाएगी, भाजपा आएगी। भाजपा का यह 5 दिन में 5वां पोस्टर है। भाजपा ने इससे पहले केजरीवाल को दिल्ली का राजा बाबू कहा था। पीएम मोदी की तरफ से केजरीवाल को आपदा कहे जाने के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आपदा दिल्ली में नहीं भाजपा में आई हुई है।

# भारत रत्न अटल जी के नाम से जाना जायेगा बड़नगर का सीएम राइज स्कूल-मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बड़नगर में आज जिस स्कूल को सीएम राइज के रूप में विकसित कर लोकार्पण किया गया है, इसी स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी शिक्षा प्राप्त की थी। उनकी स्मृति में बड़नगर के सीएम राइज स्कूल का नाम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब गाँव और शहरों के नाम जन-भावनाओं के अनुरूप रखे जायेंगे। गजनीखेड़ी पंचायत को अब चामुंडा माता के नाम से जाना जायेगा। इसी तरह जहाँगीरपुर अब जगदीशपुर और मौलाना गाँव विक्रम नगर के नाम से जाना जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन जिले के बड़नगर में 40 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नव-निर्मित सीएम राइज स्कूल भवन का लोकार्पण कर समारोह को संबोधित कर रहे थे।

लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि उपज मंडी परिसर बड़नगर में 466.27 लाख रुपए की लागत से हुए



नवनिर्माण कार्यों के भूमि-पूजन के साथ बड़नगर विधानसभा क्षेत्र में 343.80 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित 7 उप स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम राइज स्कूल का लोकार्पण कर नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया और निर्माण कार्य की सराहना की। उन्होंने बड़नगरवासियों को नए साल में मिली इस नई उपलब्धि के लिए बधाई भी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिकीकरण के लिये वर्ष 2024 में 4 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

इससे 3 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। औद्योगिकीकरण के प्रयासों से बड़नगर में भी बड़े औद्योगिक समूह द्वारा 3500 करोड़ रुपये की लागत से फैक्ट्री स्थापित की जायेगी।

## रतलाम में ई-बाइक चार्जिंग के दौरान ब्लास्ट, बच्ची की मौत



**रतलाम ( एजेंसी )।** रतलाम में ई बाइक में चार्जिंग के दौरान धमाके से घर में आग लग गई। हादसे में 11 साल की बच्ची की मौत हो गई जबकि बच्ची के नाना समेत 2 लोग झुलस गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस ई बाइक में धमाका हुआ उसे दो दिन पहले ही सुधरवाया गया था। हादसा पीएंडटी कॉलोनी में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2.30 बजे भागवत मोरे के घर हुआ। उनकी नातिन अंतरा चौधरी की हादसे में मौत हो गई। धमाके की आवाज सुनते ही पड़ोसियों की नींद खुली। वे मदद के लिए दौड़े। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। आग से घर का सामान भी जल गया।

अंतरा अपनी मां के साथ वड़ोदरा (गुजरात) से रतलाम अपने नाना भागवत मोरे के यहां आई थी। रविवार सुबह दोनों वड़ोदरा लौटने वाले थे। हादसे में भागवत मोरे और अंतरा की कजिन लावण्या (12) भी झुलस गए हैं। स्थानीय निवासी सुनील महावर ने कहा- जिस मकान में आग लगी है, उसके पास रहने वाले इमरान का फोन रात में आया। सूचना मिलते ही मैं मौके पर पहुंचा।

## केजरीवाल बोले-दिल्ली के लोग भाजपा से बदला लेने को तैयार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा, दिल्ली की जनता भाजपा और केंद्र सरकार से नाराज है। जनता भाजपा से बदला लेने को तैयार बैठी है।

केजरीवाल ने कहा- पीएम रोज दिल्ली के लोगों को गालियां दे रहे हैं, दिल्ली की जनता का अपमान कर रहे हैं। दिल्ली के लोग चुनाव में बीजेपी को इस अपमान का जवाब देंगे। लोगों की शिकायत है कि पीएम हर पांच साल में झूठ बोलने आते हैं। ये झूठे वादे



करते हैं, लेकिन काम कुछ नहीं करते।

दरअसल, पीएम मोदी ने रविवार को दिल्ली में 12 हजार 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आप-दा सरकार ने दिल्ली में आपदा लाई है। दिल्ली में सभी बड़े प्रोजेक्ट्स केंद्र की भाजपा सरकार कर रही है।

3 जनवरी को केजरीवाल ने कहा था कि भाजपा में आपदा आई हुई है। भाजपा के पास न तो सीएम फेस है और न ही एजेंडा। दिल्ली के अंदर कानून-व्यवस्था की आपदा है। गैंगस्टर गोलियां चला रहे हैं, व्यापारी रो रहे हैं और सुरक्षा मांग रहे हैं। मोदी और शाह के कानों में आवाज नहीं पहुंच रही है।

## पत्रकार हत्याकांड...मारने से पहले हत्यारों ने खिलाया खाना

**बीजापुर ( एजेंसी )।** ये वो तारीख और वक्त है, जब बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर का मर्डर हुआ। हत्यारों ने पहले डिनर पर बुलाया। खाना खिलाकर जमकर पीटा। जब मुकेश अधमरा हो गया, तो उसका गला घोंटा, फिर धारदार हथियार से सिर पर मारा, जिससे ढाई इंच घाव हो गया।

मिली जानकारी के मुताबिक 29-30 दिसंबर को घर पर ही मुकेश की हत्या की साजिश रची गई थी। दिनेश, रितेश और सुरेश चंद्राकर तीनों मुकेश के चचेरे भाई हैं। रितेश सबसे करीबी दोस्त था। मुकेश के साथ दोनों ने पढ़ाई की है। इनके बीच रिश्ता काफी गहरा था। दोनों कपड़े तक शेयर करते थे। 3 जनवरी को लाश मिलने के बाद पुलिस ने 4 जनवरी को मुकेश के 2 चचेरे भाई दिनेश, रितेश चंद्राकर और महेंद्र रामटेके को गिरफ्तार किया। वहीं मास्टरमाइंड ठेकेदार सुरेश चंद्राकर फरार है। वारदात के बाद सभी का अलग-अलग लोकेशन पर भागना पहले से तय था।

रितेश का बड़ा भाई सुरेश चंद्राकर ठेकेदार है। सुरेश के कामों को रितेश भी देखा करता था। सुरेश और मुकेश की आपस में ज्यादा बातचीत नहीं होती थी।

## राहुल बोले- एजुकेशन में प्राइवेटाइजेशन सही नहीं

**चेन्नई ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आईआईटी मद्रास के स्टूडेंट से मुलाकात की। एक्स पर स्टूडेंट से बातचीत का वीडियो शेयर करते हुए राहुल गांधी ने लिखा- सरकारों को एजुकेशन सेक्टर में खर्च बढ़ाना चाहिए। निजीकरण और वित्तीय सहायता के जरिए क्वालिटी एजुकेशन हासिल नहीं किया जा सकता है। राहुल से एक स्टूडेंट ने पूछा कि कांग्रेस और भाजपा की वर्किंग में क्या अंतर है। इस राहुल ने कहा- कांग्रेस और यूपीए का आम तौर पर मानना है कि संसाधन निष्पक्ष तरीके से सभी में बंटने चाहिए। विकास सबके लिए बराबर होना चाहिए। समाज



का कोई वर्ग इससे ना छूटे। वहीं, भाजपा वाले ग्रोथ को लेकर अधिक आक्रामक रहते हैं। उनका मानना है कि संसाधनों पर फोकस करना चाहिए। वे आर्थिक रूप से इसे ट्रिकल डाउन कहते हैं। सामाजिक मामलों पर कांग्रेस का मानना है कि समाज जितना सौहार्द से भरा होगा। उतने कम लोग लड़ेंगे।

राहुल- कांग्रेस और यूपीए का आम तौर पर मानना ??है कि संसाधन निष्पक्ष तरीके से सभी को बंटने चाहिए। विकास सबके लिए बराबर होना चाहिए। समाज का कोई वर्ग इससे ना छूटे। भाजपा वाले ग्रोथ को लेकर अधिक आक्रामक रहते हैं। उनका मानना है कि संसाधनों पर फोकस करना चाहिए। वे आर्थिक रूप से इसे ट्रिकल डाउन कहते हैं। सामाजिक मामलों पर कांग्रेस का मानना है कि समाज जितना सौहार्द से भरा होगा। उतना कम लोग लड़ेंगे।

## नीतीश कुमार को हमने कोई ऑफर नहीं दिया-तेजस्वी

**मोतिहारी ( एजेंसी )।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि %मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हमने कोई ऑफर नहीं दिया है। वो क्या बोल रहे है, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। तेजस्वी ने नीतीश कुमार के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि अब वह कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे, एनडीए के साथ रहेंगे।



रविवार को कार्यकर्ता दर्शन कार्यक्रम के तहत मोतिहारी पहुंचे तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से बातचीत में नीतीश कुमार, बीजेपी और प्रशांत किशोर पर जमकर निशाना साधा। तेजस्वी ने कहा कि %नीतीश कुमार पूरी तरह हाईजैक हो चुके हैं।

पटना और दिल्ली में बैठे 2-4 लोग अपने फायदे के लिए मुख्यमंत्री के साथ मिलकर सरकार चला रहे हैं। मुख्यमंत्री के कुछ बोलने और नहीं बोलने से कोई फर्क नहीं पड़ता।

## 2 भगोड़े पूर्व सैनिक 19 साल बाद पुडुचेरी से गिरफ्तार

**पुडुचेरी ( एजेंसी )।** 10 फरवरी 2006 को केरल के कोल्लम जिले में अंचल के पास येरम में एक अविवाहित महिला और उसकी 17 दिन की जुड़वां बेटियों की हत्या हुई थी। हत्या करने वाला अंचल का ही रहने वाला दिबिल कुमार बी था, जो 2006 में भारतीय सेना की 45 ए.डी. रेजिमेंट में था। इस हत्या में उसकी रेजिमेंट के ही एक और साथी पी राजेश ने मदद की थी। हत्या के बाद दोनों आरोपी रेजिमेंट में वापस न जाकर भाग गए थे।

मार्च 2006 में सेना ने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया था। हत्या के 19 साल बाद खबर मिली कि कुमार और राजेश पुडुचेरी में पहचान बदलकर



रह रहे हैं। सर्चिंग के बाद 3 जनवरी को चेन्नई सीबीआई ने दोनों को गिरफ्तार करके कोच्चि ले आई। पुडुचेरी में रहते हुए दोनों ने शादी कर ली थी। एर्नाकुलम चीफ ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 18 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। 24 साल की रंजिनी अंचल में अपनी मां के साथ रहती थी। रंजिनी और दिबिल कुमार बी रिलेशनशिप में थे। 24 जनवरी 2006 को रंजिनी ने जुड़वां बेटियों को जन्म दिया। जिसके बाद कुमार, रंजिनी से दूरी बनाने लगा।

रंजिनी ने केरल राज्य महिला आयोग से कुमार की शिकायत की, जिसके बाद आयोग ने पेटर्निटी टेस्ट करवाने का आदेश दिया। इसी बात से नाराज कुमार ने रंजिनी और बेटियों की हत्या की साजिश की। सीबीआइ के मुताबिक कुमार ने राजेश को रंजिनी के पास भेजा। राजेश ने रंजिनी के परिवार को भरोसा दिलाया कि वह दोनों की शादी करवाने में मदद करेगा। लेकिन उसने हत्या में कुमार का साथ दिया। हत्या वाले दिन रंजिनी की मां जुड़वाँ बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र लेने पंचायत ऑफिस गईं थी। लौटने पर उसने घर में बेटी और नातिनों की लाशें देखीं। बाद में पुलिस को खबर दी।

## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में 4 नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

**जगदलपुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में पुलिस-नक्सलियों के बीच शनिवार देर रात मुठभेड़ हुई है, जिसमें डीआरजी जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गए।

वहीं, जवानों ने एक महिला नक्सली समेत 4 माओवादियों को भी मार गिराया है। शहीद जवान सन्नू कारम एक आत्मसमर्पित नक्सली थे। कुछ साल पहले ही उन्होंने नक्सलवाद छोड़ दिया था और पुलिस में भर्ती हुए थे, जहां उनकी पोस्टिंग दंतेवाड़ा में हुई थी। सर्चिंग के दौरान जवानों ने मौके से सभी नक्सलियों के शव और एके 47, एसएलआर जैसे हथियार बरामद किए हैं। इसकी पुष्टि बस्तर ढ्डत्त सुंदरराज पी ने की है। बताया





जा रहा है कि, शनिवार देर रात 4 जिले के 1 हजार जवानों ने नक्सलियों के कोर इलाके को घेर लिया था। दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी हुई। इस ऑपरेशन में दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कोंडागांव और बस्तर जिले की डीआरजी और एसटीएफ की टीम को भेजा गया था।

नक्सलियों की लाश लेकर जवान लौट गए हैं। मुठभेड़ में जवान शहीद और मारे गए नक्सलियों को लेकर सीएम साय ने कहा कि सुरक्षाबलों के साहस को नमन है। पिछले एक साल से नक्सलवाद के खिलाफ जवान मजबूती के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं। लड़ाई अब भी जारी है। हमारे एक जवान भी शहीद हुए हैं।

निश्चित रूप से हम लोगों को सफलता मिलेगी। अब नक्सलियों का अंतिम समय आ रहा है।

## देश में इस बार खेले जाएंगे ये अहम टूर्नामेंट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में इस साल क्रिकेट सहित अलग-अलग खेलों में बड़े-बड़े टूर्नामेंटों का आयोजन होने जा रहा है। इनमें महिला एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट से लेकर खो खो विश्वकप भी शामिल हैं। ऐसे में खेल प्रशंसकों को एक से बढ़कर एक मुकाबले देखने को मिलेंगे। खो-खो विश्वकप 2025 = नए साल की शुरुआत में ही सबसे पहले खो-खो विश्व कप का आयोजन होगा। ये टूर्नामेंट राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 13 से 19 जनवरी 2025 तक खेला जाएगा। इससे खो-खो के उभरते हुए खिलाड़ियों को नये अवसर मिलेंगे। महिला एकदिवसीय विश्व कप 2025 = महिला विश्व कप क्रिकेट का आयोजन सितंबर-अक्तूबर में होगा। इस दौरान दुनिया भर की महिला टीम भारत आयेंगी और लोगों को बेहतरीन मुकाबले देखने को मिलेंगे। पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 = पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 का आयोजन भारत की राजधानी दिल्ली में होगा। 26 सितंबर से 5 अक्तूबर 2025 तक पूरी दिल्ली इसकी मेजबानी करेगी।

खेलों इंडिया विंटर गेम्स 2025 = आइस हॉकी और आइस स्कीइंग का आयोजन 23 से 27 जनवरी तक लद्दाख में होगा। इसके बाद अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग, स्की माउंटेनियरिंग और स्नोबोर्डिंग 22 से 25 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर में आयोजित होंगे।

आईपीएल 2025 = इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन की शुरुआत 14 मार्च से होगी। वहीं इसका फाइनल 25 मई को खेला जाएगा।

## सिडनी टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की हुई वापसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का आखिरी और पांचवां टेस्ट मैच बेहद रोमांचक मोड़ पर आ गया है। ये रोमांच सिडनी टेस्ट के पहले दोनों दिन देखने को मिला। दूसरे दिन की शुरुआत में भारतीय स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने विकेट लेकर शुरुआत की। लेकिन बुमराह दूसरे दिन भारतीय गेंदबाजी के दौरान 42वें ओवर में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड छोड़कर स्टेडियम से बाहर चले गए। लेकिन अब टीम इंडिया के खेमे में खुशी है कि बुमराह सिडनी स्टेडियम में वापसी कर चुके हैं। दूसरे दिन के सुबह के सत्र में बुमराह ने आखिरी पांच ओवरों में तीन ओवर मैदान के बाहर बिताए। हालांकि, लंच के बाद वह गेंदबाजी करने के लिए वापस लौटे और अपने पहले ओर में एलेक्स कैरी को चकमा दिया। लेकिन उनकी गति सामान्य से कम थी, 120-130 किमी प्रति घंटे के बीच, इसके तुरंत बाद वह मैदान से चले गए। लंच के बाद बुमराह ने केवल एक ओवर फेंका और फिर टीम के डॉक्टर और सिक्योरिटी ऑफिसर के साथ ड्रेसिंग रूप से बाहर जाते हुए दिखे। उन्हें एक कार में स्टेडियम से बाहर निकलते हुए देखा गया। इसके बाद करीब ढाई घंटे बाद सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर भारतीय फैंस के लिए खुशखबरी आई। वह खुशखबरी थी जसप्रीत बुमराह की स्टेडियम में वापसी, ये देखकर भारतीय फैंस और खिलाड़ियों ने राहत की सांस ली। अभी तक एस बात की कोई आधिकारिक जानकारी नहींआई है कि बुमराह मैच छोड़कर स्टेडियम से बाहर क्यों गए थे। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड को लेकर पहले से ही चिंताएं थीं।

## फखर को इन चार टीमों के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज फखर जमान ने आगामी टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को लेकर भविष्य वाणी की है। फखर ने कहा है कि इसमें पाकिस्तान, भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका जैसे टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फखर ने बासित अली से कहा कि पाकिस्तान के अलावा भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ऐसी टीमें हैं जो सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसमें पाकिस्तान के साथ ही भारत और बांग्लादेश ए ग्रुप में है जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम बी ग्रुप में इंग्लैंड, न ऑस्ट्रेलिया के साथ हैं। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर औपचारिक घोषणा के साथ ही इसको लेकर संशय भी दूर हो गया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। आठ टीमों के इस आयोजन में 50 ओवर के प्रारूप में 15 मैच शामिल होंगे और यह पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किए जाएंगे। इसमें भारत और पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होगा।

रावलपिंडी, लाहौर और कराची पाकिस्तान में टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले तीन स्थान होंगे।

# ड्रेसिंग रूम की बातें लीक होने पर बोले रोहित शर्मा, फ्यूचर कैप्टन को लेकर भी दिया बयान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा भले ही सिडनी टेस्ट मैच में नहीं खेल रहे हैं लेकिन उन्होंने टीम इंडिया के अपने साथियों को बाहर चल रही बातों और अफवाहों पर ध्यान न देने की हिदायत दी है। साथ ही उन्होंने अपने साथियों से कहा है कि, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट मैच पर ध्यान दें। अंतिम टेस्ट मैच जीत कर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी अपने पास बनाए रखने पर ध्यान देने की अपील की है। भारत पांच मैच की सीरीज में अभी 1-2 से पीछे चल रहा है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बरकरार रखने के लिए सिडनी टेस्ट जीतना बेहद अहम है। इस बीच रोहित के संन्यास लेने की अफवाहें भी चल रही हैं। रोहित ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि, ये अफवाहें हमें प्रभावित नहीं करती क्योंकि हम खिलाड़ी स्टील के बने होते हैं। हमने खिलाड़ियों को मजबूत बनाने के लिए अपनी तरफ से पूरे प्रयास किए हैं। हम कुछ चीजों को नियंत्रित नहीं कर सकते हैं और हम उनके बारे में चिंता नहीं करना चाहते हैं। हम इस पर समय बर्बाद नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि, इसे (लीक) होने दो। हम इसको लेकर कुछ नहीं कर सकते हैं। बस मैच जीतने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करें। यही हम करना चाहते हैं। रोहित शर्मा ने कहा कि, हर कोई मैदान पर उतरना चाहता है और मैच जीतना चाहता है। हम सभी उन पर विराम लगाना चाहते हैं। मुझे बताओ, कौन सी अन्य टीम ने यहां दो बार सीरीज जीती है? हमारे पास सुनहरा मौका है। हम सीरीज तो नहीं जीत सकते लेकिन इसे ड्रॉ कर सकते हैं। रोहित ने हालांकि, स्वीकार किया है कि नए साल के टेस्ट से हटने का फैसला व्यक्तिगत स्तर पर मुश्किल था। रोहित ने आगे कहा कि, कभी-कभी ये मुश्किल होता है। मैं खेलने के लिए इतनी दूर आया हूं मैं बाहर बैठकर इतंजार करने नहीं आया हूं। मैं खेलना चाहता हूं और मैच जीतना भी चाहता हूं। जब मैं 2007 में पहली बार भारतीय ड्रेसिंग रूप का हिस्सा बना तभी से मेरा एकमात्र लक्ष्य टीम के लिए मैच जीतना रहा है। रोहित ने कहा कि कभी-कभी आपको ये समझना होता है कि टीम आपसे क्या चाहती है। अगर आप खुद को टीम से आगे रखेंगे तो इसका क्या फायदा होगा। अगर आप अपने लिए खेलते हैं खुद के लिए रन बनाते हैं तो इससे क्या होगा? अगर आप टीम के बारे में नहीं सोचते तो फिर आपको ऐसे खिलाड़ी नहीं चाहिए। 11 खिलाड़ी खेल रहे हैं और ये एक टीम है। इसलिए जो भी टीम की जरूरत है उसे करने का प्रयास करें।

उन्होंने आगे कहा कि, ये मेरी निजी सोच है। मैंने अपनी क्रिकेट इसी तरह से खेली है। आम तौर पर मैं जीवन में भी ऐसा ही हूं। ऐसा नहीं है कि मैं कुछ और दिखाने की कोशिश कर रहा हूं। मैं जो हूं वह दिख रहा है। अगर किसी को पंसद नहीं है तो फिर मुझे माफ कर दो। मैं वही करता हूं जो मुझे ठीक लगता है, इसमें डरने की क्या बात है। रोहित ने स्वीकार किया कि अगर कोई निर्णय गलत हुआ तो उनकी आलोचना की जाएगी लेकिन उन्होंने कहा कि इससे वह अपने तरीकों से भटकते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि, टीम का नेतृत्व करते हुए आपको ये स्वीकार करना होगा कि आपके पास हमेशा अच्छे दिन नहीं होंगे। विचार और आपकी मानसिकता एक जैसी है। मैं 5-6 महीने पहले जैसी कप्तानी कर रहा था, आज भी मेरी मानसिकता और विचार प्रक्रिया वैसी ही है लेकिन कभी-कभी आपको अनुकूल परिणाम नहीं मिलते हैं।

रोहित ने कहा कि, मैं जानताहूं कि 140 करोड़ लोग हमें परखेंगे। यही बात है। मैं खुद पर संदेह नहीं करना चाहता। मैं जानता हूं कि मैं जो कर रहा हूं वह सही है।

# भारतीय टीम की हालत से दुखी होंगे द्रविड़



**सिडनी (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच रहे राहुल द्रविड टीम की अभी की हालत देखकर दुखी होंगे। उन्होंने विश्व विजेता के तौर पर टीम को छोड़ा था और उनके जाने के बाद टीम की क्या हालत हो गयी। वह श्रीलंका में एकदिवसीय हारी जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी ही धरती पर उसे 3-0 से हार टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। अब ऑस्ट्रेलिया में 1-2 से पिछड़ी हुई है, जबकि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले से तकरीबन बाहर हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर रोहित शर्मा भी सोच रहे होंगे कि अगर द्रविड़ एक साल और कोच रहते तो अच्छा रहता। द्रविड़ के कोच रहते भारतीय टीम का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था और वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप, एकदिवसीय विश्वक के फाइनल में पहुंची थी जबकि टी20 विश्वकप उसने जीता था। भारतीय कप्तान रोहित को अभी खराब दौर से गुजरने के कारण टीम से बाहर तक रहना पड़ रहा है। उन्हें किसी का समर्थन भी नहीं मिलता दिख रहा है। द्रविड़ के कोच पद छोड़ने के बाद नये कोच बने गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रलिया दौरे में भी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। ऐसे में

टीम को ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने भी निशाना बनाया है। वह भी खिलाड़ियों का मजाक बना रही है। कोच गंभीर का रवैया भी कप्तान को लेकर अब तक सख्त रहा है। खराब फार्म के कारण रोहित दबाव में भी दिखे मेलबर्न में बल्लेबाजी के दोरान उनका अति रक्षात्मक रुख दिखा। एकदिससीय विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद राहुल द्रविड़ कोचिंग छोड़ना चाहते थे पर रोहित ने उन्हें रुकने के लिए मनाया और भारतीय टीम विश्व विजेता बनी। इन दोनो की जुगल जोड़ी जीत की गारंटी जैसी लगती थी पर अभी टीम में गुटबाजी दिखती है। वह एकजुट नहीं नजर आती तो टीम के तौर पर आनी चाहिए। अभी वह समय है और जिस तरह से रोहित ने द्रविड़ को कोचिंग छोड़ने से रोका था उसी प्रकार कोई रोहित को रोके तो वह एक बार फिर पुराने में नजर आ सकते हैं। वह कोच के तौर पर द्रविड़ की कमी अनुभव कर रहे होंगे। वहीं द्रविड़ यह सोच रहे होंगे कि टीम इंडिया को किस जगह पर छोड़ा था और आज टीम कहां पहुंच गयी है।

## साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज ने ठोका दोहरा शतक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट केपटाउन में खेला जा रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान रयान रिकेल्टन 9 साल में दोहरा शतक लगाने वाले पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी बन गए। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 266 गेंदों में ये उपलब्धि हासिल की। इससे पहले साल 2016 में हाशिम आमला ने दोहरा शतक लगाया था। ये रिकेल्टन का टेस्ट में पहला दोहरा शतक था और दिलचस्प बात ये है कि वह 2025 में शतक और दोहरा शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। अपने दोहरे शतक के दौरान इस बल्लेबाज ने कई रिकॉर्ड बनाए। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार को शतक बनाने के बाद टेम्बा बावुमा के साथ मिलकर पहले दिन अपनी टीम को फिर से जीत दिलाने के लिए दोहरा शतकीय साझेदारी की। रयान ने जैक्स कैलिस को पछाड़ दिया है। कैलिस ने 267 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे तेज टेस्ट शतक हर्शल गिब्स ने लगाया है। रयान रिकेल्टन दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे तेज टेस्ट दोहरा शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। वह चौथे नंबर पर हैं, जिसमें हर्शल गिब्स और जैक्स कैलिस जैसे दिग्गज प्लेयर भी शामिल हैं।

# यशस्वी जायसवाल ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का अहम मुकाबला सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेल जा रहा है। जिसमें भारतीय टीम ने पहली पारी में 4 रन की बढ़त हासिल की। अब दूसरे पारी के शुरुआत भारत के लिए बेहद धमाकेदार रही। जिसके लिए यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ओपनिंग करने आए। दूसरी पारी के पहले ओवर में ही जायसवाल ने ऐसी शानदार पारी खेली कि उन्होंने एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे पांचवें टेस्ट मैच की दूसरी पारी के शुरुआत धमाकेदार रही। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल पारी की शुरुआत करने आए, जबकि ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मिशेल स्टार्क पहला ओवर फेंकने आए। पहले जहां स्टार्क शुरुआती ओवरों में जायसवाल के लिए बुरा सपना बनते थे। वहीं अब जायसवाल ने दूसरी पारी के पहले ओवर में स्टार्क के खिलाफ 16 रन ठोक दिए। पहले ओवर में 16 रन बनाकर यशस्वी जायसवाल भारत की तरफ से एक टेस्ट पारी के ओपनिंग ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। स्टार्क के पहले ओवर में यशस्वी जायसवाल के आक्रामक शॉट्स का गवाह बना। स्टार्क की पहली गेंद पर कोई रन नहीं आया। दूसरी गेंद पर शॉर्ट और बाहर जाती हुई गेंद को यशस्वी ने स्लिप के ऊपर से चौके के लिए भेजा दिया। तीसरी गेंद पर एक और शॉर्ट और वाइड डिलीवरी को उन्होंने स्क्वायर के पीछे से बाउंड्री पार पहुंचा दिया।

वहीं चौथी गेंद पर लेट कट करते हुए उन्होंने एक और शानदार चौका जड़ा। पांचवीं गेंद पर कट शॉट मिस करने के बाद छठी गेंद पर उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर पिच हुई गेंद को कवर ड्राइव से चौके में बदल दिया।

इस ओवर में स्टार्क का आंकड़ा 0,4,4,4,0, 4 रहा, जिससे भारतीय टीम की दूसरी पारी धमाकेदार शुरुआत के साथ आगे बढ़ी।

# अगर चहल-धनश्री का हुआ तलाक तो भारतीय क्रिकेटर को देनी होगी इतनी प्रॉपर्टी,





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्पिनर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री के बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। दोनों के तलाक की खबरें आ रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वे दोनों तलाक ले सकते हैं। वहीं चहल ने धनश्री के साथ की सभी तस्वीरें इंस्टाग्राम से हटा दी हैं। लेकिन अगर दोनों का तलाक हुआ तो चहल को धनश्री को क्या कुछ देना होगा, इसको लेकर नियम क्या कहता है यहां जानें।

दरअसल, हाल ही में सोशल मीडिया पर धनश्री और चहल को लेकर कई पोस्ट देखने को मिली हैं। दावा ये भी किया जा रहा है कि दोनों तलाक ले रहे हैं। चहल क्रिकेट से काफी पैसा कमाते हैं इसके साथ ही वह विज्ञापन भी करते हैं। वहीं धनश्री प्रोफेशनल डांस हैं वे कई टीवी शो में नजर आ चुकी हैं। धनश्री भी अच्छी इनकम कर लेती हैं। तलाक के मामलों में सबकुछ कोर्ट के फैसले पर निर्भर करता है। चहल और धनश्री दोनों ही बहुत अच्छी स्थिति में हैं। अगर तलाक होता भी है तो ये धनश्री पर निर्भर करेगा कि वे चहल की कमाई में हिस्सा चाहती हैं या नहीं। अगर वे चाहेंगी तो इसको लेकर कोर्च का दरवाजा खटखटा सकती हैं। हालांकि, हार्दिक पंड्या और नताशा स्टेनकोविक के मामले में पैसे की बात सामने नहीं आयी। बता दें कि, युजवेंद्र चहल ने हाल ही में अपने ऑफीशियल इंस्टाग्राम से धनश्री के साथ की सभी तस्वीरें डिलीट कर दीं। वहीं दोनों ने एक दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया है। लेकिन धनश्री ने प्रोफाइनल से फोटो डिलीट नहीं की है। इसी वजह से तलाक को लेकर खबरें तेज हैं। हालांकि, अभी तक इस पर कोई भी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।


## नियुक्ति के तीसरे दिन पूरे माह के वेतन की सिफारिश

# मैहर में खाद्य आपूर्ति अधिकारी के पत्र हुए वायरल, कलेक्टर ने कहा- जांच के बाद होगी कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के पत्र वायरल होने का बाद इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। पहले पत्र में आउट सोर्स कंपनी से नियुक्ति का आग्रह कर 3 दिन बाद दूसरे पत्र के माध्यम से उसी नियुक्ति की पूरे एक माह का वेतन भुगतान करने की सिफारिश की गई है। मामला संज्ञान में आने पर कलेक्टर रानी बाटड ने जांच के आदेश दे दिए है।




**यह है पूरा मामला:** डाटा ऑपरेटर के पद पर शुभम सोनी की नियुक्ति करने के बारे में जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने 27 दिसंबर 24 को भोपाल की आउट सोर्स कंपनी को पत्र लिखा था। इसके तीसरे ही दिन 30 दिसंबर को जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने उसी आउट सोर्स कंपनी को दूसरा पत्र जारी कर डाटा एंट्री ऑपरेटर शुभम सोनी को पूरे एक माह का वेतन 24 हजार 500 रुपए भुगतान करने की सिफारिश की। पत्र में डाटा इंट्री ऑपरेटर की उपस्थिति 3 दिन में ही एक माह की मानी जाए भी बताया गया।





**कलेक्टर ने कहा- मामले की जांच होगी:** मैहर में जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी का पद फिलहाल रिक्त है। इस पद पर के एस भदौरिया थे। लेकिन, उनके रिटायरमेंट के बाद से इस पद का प्रभार एसडीएम विकास सिंह के पास है। फिलहाल, कलेक्टर रानी बाटड के संज्ञान में मामला आने के बाद उन्होंने कहा- पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही होगी।

## विकासखण्ड स्तरीय चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन आज उचेहरा में

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार एवं एल्मिको जबलपुर के निर्देशानुसार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के औपचारिक पहचान एवं चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एल्मिको) जबलपुर के सहयोग से आयोजित किया जाना है। सतना जिले में शासकीय गांधी केन्द्र विद्यालय उचेहरा में 6 जनवरी, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर बघेलान में 7 जनवरी तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी में 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे से मूल्यांकन शिविर आयोजित किये जायेंगे।

कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा चिकित्सीय मूल्यांकन शिविरों के सफल क्रियान्वयन/संचालन हेतु जिला/विकासखण्ड स्तरीय लोक सेवकों को दायित्व सौंपे गये है। जिसके अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को 4 चिकित्सा विशेषज्ञों अस्थि रोग, नेत्र रोग, नाक, कान गला रोग, मनोवैज्ञानिक अथवा अन्य विशेषज्ञ को नियुक्त कर शिविर में उपस्थित सीडब्ल्यूएसएन बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करना सुनिश्चित करेंगे।

उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को दिव्यांग बच्चों को छात्रवृत्ति/निःशक्त पेंशन संबंधी यूडीआईडी से संबंधित आवश्यक औपचारिकताएं शिविर स्थल पर पूर्ण करने, जिला शिक्षा अधिकारी को शिविर में सभी संकुल प्राचार्यों एवं प्रधानाध्यापक को निर्देशित कर विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति शिविर में सुनिश्चित करायें तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को शिविर में नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करने के निर्देश जारी करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विकासखण्ड स्तर एवं ग्राम स्तर पर कार्यरत लोकसेवकों को निर्देशित करें कि शिविर दिनांक को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिविर में उपस्थित होने हेतु सूचित करें एवं शिविर में उपस्थित कराने के लिए सहयोग प्रदान करें। जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र सतना शिविर में सीडब्ल्यूएसएन मूल्यांकन शिविर में जिला परियोजना समन्वयक नोडल अधिकारी होंगे। विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समस्त जनपद शिक्षा केन्द्र जिला मैहर सीडब्ल्यूएसएन बच्चो के मूल्यांकन शिविर में बच्चों को आधारकार्ड, बीपीएल कार्ड, राशन कार्ड, अध्ययनरत कक्षा का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं दो फोटो के साथ उपस्थित कराना सुनिश्चित करेंगे।

## पारा गिरकर 7 डिग्री पर पहुंचा

### राहगीर बेहाल, कोहरे और कड़ाके की ठंड ने बढ़ाई लोगों की परेशानी



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट जिले में सर्दी ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। रविवार को आसमान में घने बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। कोहरे की चादर ने सुबह-सुबह घर से बाहर निकलना चुनौतीपूर्ण बना दिया, जिससे सड़कों पर आमतौर पर कम ही लोग नजर आए। जो भी लोग बाहर दिखे, वे ऊनी टोपी, मफलर और स्वेटर में लिपटे हुए थे। ठंड से बचने के लिए लोग हरसंभव उपाय कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अलाव जलाने की व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। राहगीर, गरीब और बेसहारा लोग सर्दी से ठिठुरने को मजबूर हैं।

**मौसम विभाग ने दी जानकारी:** कृषि विज्ञान केंद्र, गनीवा के मौसम वैज्ञानिक अंकुर त्रिपाठी के अनुसार, रविवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री और अधिकतम तापमान 13 डिग्री दर्ज किया गया। लगातार चल रही ठंडी हवाओं के कारण ठंड का असर और बढ़ गया है।

**प्रशासनिक आदेशों का असर नहीं:** सर्दी के बावजूद जिले में सरकारी आदेशों का पालन न के बराबर नजर आया। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त अलाव नहीं जलाए गए। कोचिंग संस्थान भी बंद नहीं हुए, जिससे छात्रों को

## घने कोहरे के बीच रेल एवं सड़क यातयात प्रभावित

### विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम, 4 से 12 घंटे विलंब से चल रहीं ट्रेन

**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** सतना में कड़ाके की सर्दी और कोहरे का दौर लगातार जारी है। पिछले एक सप्ताह से मावठे की बारिश के बाद से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कोहरे की वजह से सड़क़ समेत रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित है। कोहरे की धुंध सुबह 4 बजे से 10 बजे तक छाई रहने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। मौसम साफ होने के बाद तेज धूप निकलने के बाद भी शीतलहर चलने से गलन महसूस की जा रही है।





मौसम विभाग के अनुसार ऊपरी हवा में चक्रवात छत्तीसगढ़ में बनने के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई थी। शीतलहर चलने से दिन और रात के तापमान में लगातार गिरावट का दौर जारी है। शनिवार को न्यूनतम तापमान में आधा डिग्री की गिरावट के साथ पारा 7.4 डिग्री और अधिकतम तापमान में डेढ़ डिग्री की गिरावट के साथ पारा 23.0डिग्री दर्ज किया गया।

सुबह हवा की नमी में बढ़ोत्तरी होकर 95 प्रतिशत पहुंच गई। जिस कारण से सुबह कोहरे की धुंध पड़ने से ग्रामीण इलाकों में विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम हो गई थी। कोहरा इतना घना होने के कारण वाहन चालकों को धीमी गति से सफर करना पड़ा। दिन में भी गाड़ियों की लाइट जलाकर सफर करना पड़ा।

उत्तर भारत में घना कोहरा पड़ने से ट्रेनों का परिचालन बुरी तरह से प्रभावित रहा है। रविवार को हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर महाकौशल रात ढाई बजे सतना पहुंचने वाली ट्रेन 12 घंटे विलंब से चल रही है। इसी तरह से आनन्द विहार-रीवा 4 घंटे, दानापुर-पुणे 3 घंटे, नवतनवा-दुर्गघंटे 3 घंटे, प्रयागराज-इटारसी ढाई घंटे लेट चल रही है।

शनिवार को भी कोहरे की वजह से ट्रेनों की लेट लतीफी जारी रही। अहमदाबाद-दरभंगा 2 घंटे, दानापुर-सिकंदराबाद स्पेशल 12 घंटे, रक्सौल-सिकंदराबाद 11 घंटे, बिलासपुर-रीवा 3 घंटे, इटारसी-प्रयागराज छिवकी साढ़े 3 घंटे, गोरखपुर-एलटीटी 5 घंटे, दुर्ग-नवतनवा 2 घंटे, रीवा-आनन्द विहार 4 घंटे विलंब से सतना पहुंचने के बाद गंतव्य के लिए रवाना हुई ।

## शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम की सातवीं प्रस्तुति आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर मां शारदा देवी की पावन नगरी एवं संगीत संम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खाँ साहब की साधना स्थली मैहर में शास्त्रीय संगीत के उभरते हुये नवोदित कलाकारों को मंच देने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में 1 जुलाई 2024 दिन सोमवार से प्रारंभ किया गया था।


जिसकी सातवीं प्रस्तुति नूतन वर्ष के चलते 6 जनवरी 2025 दिन सोमवार को अपनी गरिमा के साथ शासकीय संगीत महाविद्यालय परिसर में सायं काल 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक संपन्न होगी। इस अवसर पर अतिथि कलाकार के रूप में मैहर बैंड के वरिष्ठ कलाकार रामसुमन चौरसिया के साथ उनके पुत्र धीरज चौरसिया एवं नाती रुद्रांश चौरसिया सितार पर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। शास्त्रीय संगीत के इस कार्यक्रम मे संस्कृत चौरसिया तुलसी त्रिपाठी एवं कार्तिक शुक्ल की प्रस्तुतियां नृत्य ताल बाध्य एवं गायन में होगी। अटाला आर्ट के तहत घर की अनुपयोगी वस्तुओं से निर्मित कलाकृति की प्रदर्शनी भी शासकीय संगीत कॉलेज परिसर में लगाई जाएगी।

मैहर घराने को जीवंत बनाने एवं विद्या की देवी माँ शारदा की नगरी को संगीत मय बनाने हेतु जिला प्रशासन के सहयोग से शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक माह किया जा रहा है। शास्त्रीय संगीत के इस नियमित मासिक कार्यक्रम के अवसर पर नवोदित कलाकारों के उत्साह वर्धन हेतु कला प्रेमी रसिक जन ईस्ट मित्रों के साथ सादर आमंत्रित है।

## चित्रकूट के गांव में पानी की भारी किल्लत

### बच्चों के शिक्षा पर असर, पानी के लिए लगाते हैं सुबह से लाइन

**मीडिया ऑडीटर, मऊ निप्र।** चित्रकूट के मऊ तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोंपा मजरा मटियारा में पानी की उचित व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीणों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार "हर घर को पानी" पहुंचाने का दावा करती है, वहीं इस गांव में आज भी पानी की सही व्यवस्था नहीं हो पाई है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और ग्रामीणों के दैनिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी हैंडपंपों की व्यवस्था ठीक नहीं हो पाई है। वर्तमान में जल संस्थान के माध्यम से पानी की आपूर्ति हो रही है, लेकिन पाइपलाइन की खस्ता हालत के कारण घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता। एक ही नल से 80 घरों का पानी भरता है, जिससे हमेशा भीड़-भाड़ रहती है और इस दौरान स्कूली बच्चों को स्नान करने का समय नहीं मिलता। नतीजतन, वे बिना स्नान किए ही स्कूल जाने को मजबूर हो जाते हैं।

ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इस ठंड में भी ग्रामीणों को 2-3 दिन का पानी एक साथ भरकर रखना पड़ता है, क्योंकि पानी सही समय पर नहीं आता। कभी-कभी, पानी की भारी किल्लत के कारण उन्हें प्यासा भी रहना पड़ता है।

यह स्थिति इस गांव की गंभीर समस्या को उजागर करती है, जहां सरकारी योजनाओं के बावजूद ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

## करंट लगने से युवक की मौत, जंगली जानवरों के लिए बिछाया था, लेकिन खुद ही चपेट में आ गया



**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** सतना जिले के बिरसिंहपुर इलाके के रइया गांव में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। सभापुर पुलिस के मुताबिक, रइया निवासी 35 वर्षीय छोटेलाल सिंह रविवार दोपहर गांव से दूर निवारी पहाड़ी पर मृत अवस्था में मिला। ग्रामीणों की सूचना पर सभापुर टीआई शंखधर द्विवेदी मौके पर पहुंचे।

शुरुआती जांच में पता चला कि छोटेलाल सिंह ने पहाड़ी पर जंगली जानवरों के शिकार के लिए करंट के तार बिछाए थे। वह रविवार सुबह पहाड़ी पर देखने गया था कि करंट में कोई जानवर फंसा या नहीं, लेकिन वह खुद ही करंट की चपेट में आ गया।

## रीवा और चंदई ने मैच जीते

### 3 दिवसीय डे-नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट शुरू



**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** मैहर में बेहतरीन डिफेंस की बदौलत डे नाइट वॉलीबॉल का उद्घाटन मैच जबलपुर को हरा कर रीवा ने जीता। पहले दिन का दूसरा मैच चंदई (सतना) और लोकल टीम नादन के मध्य हुआ। मेजबान नादन को पराजित कर चंदई ने मैच जीत लिया।

स्वर्गीय चंद्रिका प्रसाद सोनी स्मृति डे नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट नादन में रविवार को शुरू हो गया। 3 दिवसीय टूर्नामेंट का उद्घाटन सांसद गणेश सिंह ने किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी समेत काफी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

**टूर्नामेंट में खेले जाएंगे 34 मैच:** पिछले 3 साल से लगातार हो रहे इस टूर्नामेंट में 3 दिन में 34 मैच होंगे। टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जिनमें प्रयागराज, बांदा, देहरादून, हरियाणा, उत्तराखंड और सागर प्रमुख हैं। डे नाइट टूर्नामेंट के लिए मैदान में दूधिया रोशनी की व्यवस्था की गई है। टूर्नामेंट का समापन 7 जनवरी को होगा।

## रामघाट में तीर्थ यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं

### शौचालय की कमी बनी समस्या, बुंदेली सेना ने समाधान की मांग की

**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट के रामघाट में महाकुंभ की तैयारियां चल रही हैं लेकिन तीर्थ यात्रियों को शौचालय की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोग और बुंदेली सेना कई बार प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**शौचालय की कमी से परेशानी बढ़ी:** बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि रामघाट पर शौचालयों की संख्या बेहद कम है। श्रद्धालु इस कमी के कारण काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि रामघाट पर कई स्थानों पर शौचालय आसानी से बनाए जा सकते हैं। सीवर से जोड़ा जा सकता है। हालांकि, जिम्मेदार विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



रामघाट के पन्नालाल घाट पर एक शौचालय है, लेकिन उसकी हालत खराब है। वहां दरवाजे टूटे हुए हैं और रंगाई-पुताई की जरूरत है। श्रद्धालुओं के लिए यह समस्या और भी बड़ी हो जाती है। जबकि वीआईपी और वीवीआईपी गंगा आरती के लिए आते हैं। लेकिन आम जनता के लिए बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं।

**महाकुंभ से पहले समाधान की मांग:** महाकुंभ के आयोजन को देखते हुए रामघाट पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से मांग की है कि रामघाट और बेड़ी पुलिया क्षेत्र में नए शौचालयों का निर्माण जल्द कराया जाए।

रामघाट पर स्ट्रीट लाइटें महीनों से खराब पड़ी हैं। पन्नालाल घाट से बूढ़े हनुमान मंदिर तक अंधेरा रहता है। नगर पालिका, सिंचाई विभाग और पर्यटन विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हैं, लेकिन समाधान नहीं कर रहे।

बुंदेली सेना ने मंदाकिनी नदी की सफाई के लिए सिंचाई विभाग से नाव लगवाने की मांग की है ताकि श्रद्धालु स्वच्छ पानी में स्नान कर सकें। महाकुंभ के पहले शौचालय, सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं का समाधान करना बेहद जरूरी है। प्रशासन से अपील की गई है कि श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए जल्द कार्रवाई की जाए।

## रीवा में आठवीं तक की कक्षाएं सुबह 10 बजे के बाद होंगी संचालित

### अत्यधिक ठंड को देखते हुए कलेक्टर ने जारी किए आदेश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में ठंड का प्रकोप बढ़ने से तापमान में अचानक गिरावट आई है। जिसके कारण शालेय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसे देखते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने स्कूलों के समय में परिवर्तन के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार 6 जनवरी से नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाएं सुबह 10 बजे के बाद संचालित की जाएंगी। निर्धारित समय से पूर्व किसी भी स्थिति में इन कक्षाओं का संचालन नहीं किया जाएगा। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यह आदेश सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई, माध्यमिक शिक्षा मण्डल और समस्त बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में लागू होगा।

## सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन 13 तक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सैनिक स्कूल रीवा में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल एपीएस भुल्लर ने बताया कि कक्षा छठी और नौवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 जनवरी तक किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र इग्जाम डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट इन/एआईएसएसईई में शाम 5 बजे तक दर्ज किए जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा में कक्षा 6 में 125 प्रश्न 300 अंकों के होंगे। जबकि कक्षा 9 में 150 प्रश्न 400 अंकों के होंगे। कक्षा 6 में लगभग 80 तथा कक्षा 9 में 8 स्थान प्रवेश के लिए रिक्त हैं। कुल स्थानों में 67 प्रतिशत स्थान राज्य के मूल निवासी विद्यार्थियों के लिए हैं। शेष स्थानों में अन्य राज्यों के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।